# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024



**Mittsure**

*Presents*

## प्रकाशन की दुनिया में पहली बार...

Mittsure और Embibe ने मिलकर शिक्षा जगत में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। इसके अंतर्गत
Mittsure Books के साथ में Embibe का World Class Digital Content Schools एवं Students को FREE मिलेगा।



MATHEMATICS | SOCIAL STUDIES | SCIENCE
CLASS 1 - CLASS 8

ThinkTrail SERIES

Powered by

EMBIBE
*World's leading Digital Content in the field of Education*

### THINKTRAIL BOOK SERIES

Designed for **Grades 1-8**, ThinkTrail follows NCF guidelines across three stages:

1. **FOUNDATIONAL STAGE** (Grades 1-2)
2. **PREPARATORY STAGE** (Grades 3-5)
3. **MIDDLE STAGE** (Grades 6-8)

EMBIBE'S DIGITAL CONTENT WORTH RS. 8000/-* FREE

### MITTSURE TEACH LITE

Powered by: **EMBIBE**

Teach Lite transforms teaching with:
**3D Videos and Models | Comprehensive Lesson Plans | Interactive Whiteboard |Offline Access | World-class Digital Content | Multimedia Tools**
To enhance classrooms and boost learning outcomes.

COMPLEMENTARY FOR TEACHERS WITH THINKTRAIL**

### MITTSURE LENS

Powered by: **EMBIBE**

Mittsure Lens revolutionises learning by turning scanned text into engaging, high-definition 3D models and videos. **Students can simply scan text with their smartphone camera to access interactive study materials**, making complex ideas simple and clear.

COMPLEMENTARY FOR STUDENTS WITH THINKTRAIL

### Key Features of ThinkTrail

Through ThinkTrail, students experience:
- Bharatiya Values Integration
- NEP 2020 Alignment
- Age-Appropriate Content
- Interactive Learning
- Advanced Pedagogy
- Largest Question Bank for Practice
- Self-Explanatory Content
- Critical Thinking Focus
- Storytelling Approach
- Multidisciplinary Learning



*As per Embibe's website **T&C Apply

**Limited Time offer** Call now for your 15 DAYS FREE TRIAL OF MITTSURE TEACH LITE.**

CBSE SCHOOLS, MESSAGE YOUR NAME & ADDRESS ON 7374003601 OR GIVE A MISSED CALL ON 7877200112 | support@mitsure.com

SHAKUN

Mittsure TECHNOLOGIES LLP
CORPORATE OFFICE: B-121 Mangal Marg, Bapu Nagar, JAIPUR | www.mittsure.com
BRANCH OFFICES: New Delhi • Lucknow • Kolkata • Patna • Ahmedabad • Indore • Bengaluru

TOLL FREE NO.: 1800 8917070
support@mittsure.com

# प्रयागराज महाकुंभ में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा तंबू

## 7,500 करोड़ रुपए आएगी लागत

*प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 14 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले महाकुंभ के आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने भव्य तैयारियां शुरू की है। इस महाकुंभ मेले की खासियत यह है कि इसमें आगंतुक संत-संन्यासियों और तीर्थयात्रियों के ठहरने के लिए करीब 4000 हेक्टेयर में दुनिया का सबसे बड़ा तंबू बनाया जा रहा है। इन्वेस्ट यूपी की एक रिपोर्ट के अनुसार, महाकुंभ के इस आयोजन के लिए कुल 7,500 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है, जो 2019 के अर्धकुंभ में खर्च हुए 4,200 करोड़ रुपये के बजट से लगभग 78% अधिक है। अब तक 3,462 करोड़ रुपये की मंजूरी दी जा चुकी है। केंद्र सरकार ने 2,100 करोड़ रुपये की सहायता राशि में से 1,050 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की है।*




### खास बातें

- 13 जनवरी से शुरू होने वाला महाकुंभ चलेगा 26 फरवरी तक
- प्रयागराज महाकुंभ में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद

### 4,000 हेक्टेयर में तंबू 25 हजार आवास भी

रिपोर्ट के अनुसार, प्रयागराज महाकुंभ के लिए सरकार की ओर से स्वीकृत किए गए बजट का इस्तेमाल 421 परियोजनाओं में किया जा रहा है, जिसमें सड़क निर्माण, रेलवे पुल, अंडरपास, नदी किनारों का सुधार, और तीर्थयात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। महाकुंभ के लिए 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा तंबू शहर स्थापित किया जा रहा है, जिसमें 2,000 तंबू और 25,000 सार्वजनिक आवास तैयार किए जाएंगे।

*सुरक्षा और प्रशासन के लिए लगेंगे 23,000 सीसीटीवी कैमरे, एआई-आधारित चैटबॉट्स का होगा इस्तेमाल*



### महाकुंभ में 23,000 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

इन्वेस्ट यूपी की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि प्रयागराज महाकुंभ लगभग 45 करोड़ तीर्थयात्रियों को आकर्षित करेगा, जो इसे विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बना देगा। सुरक्षा और प्रशासन के लिए 23,000 सीसीटीवी कैमरे और एआई-आधारित चैटबॉट्स का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रयागराज को स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत उन्नत तकनीकी सुविधाओं से लैस किया जा रहा है।

## मेले में साथ का कोई व्यक्ति खो गया तो घबराएं नहीं

अगर मेले में आपका कोई अपना करीबी खो जाए तो आपको क्या करना होगा। प्रयागराज कुंभ मेले में आपका अगर कोई करीबी खो जाता है तो आपको सबसे पहले डिजिटल रजिस्ट्रेशन कराना होगा। डिजिटल रजिस्ट्रेशन के तहत हर व्यक्ति को एक यूनिक आईडी कार्ज दिया जाता है। इसमें उस व्यक्ति की पूरी जानकारी और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम होता है। किसी व्यक्ति के खोने पर इस आईडी से उसकी पहचान की जा सकती है।

**खोया-पाया केंद्र से भी कर सकते हैं संपर्क**

इसके अलावा, सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्र स्थापित किया है। आप इसमें खोया-पाया केंद्रों का लाभ ले सकते हैं। इन केंद्रों से खोए व्यक्ति को जल्द उनके परिवार से मिलाने की कोशिश होती है। इन सबके अलावा, आप पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति का 12 घंटे के अंदर दावा नहीं किया जाता है तो पुलिस हस्तक्षेप करके उस व्यक्ति को सही ठिकाने तक पहुंचा देती है।

**कुंभ मेले से जुड़ी हर जानकारी यहां मिलेगी**

इसके अलावा, कुंभ मेले में वीआईपी मूवमेंट, आवास, प्रमुख आयोजन की तारीखों सहित अन्य जानकारी के लिए **kumbh.gov.in** की वेबसाइट पर जा सकते हैं। आप इसके अलावा, ऐप भी डाउनलोड कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### राहुल की नागरिकता पर केंद्र से मांगा गया जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से राहुल गांधी की नागरिकता पर जवाब मांगा है। बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने गृह मंत्रालय से इस मामले में फैसला लेने का आग्रह किया था। शुक्रवार को कार्यवाहक चीफ जस्टिस विभु बाखरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने मौखिक रूप से केंद्र सरकार की ओर से पेश 'प्रॉक्सी' वकील से मामले में निर्देश प्राप्त करने को कहा।

### नरसिंहानंद की 'धर्म संसद' पर दायर याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यति नरसिंहानंद की 'धर्म संसद' के खिलाफ उत्तर प्रदेश प्रशासन और पुलिस पर कार्रवाई न करने को लेकर दायर अवमानना याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने जिला अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखें और कार्यक्रम की गतिविधियों पर नजर रखें।

### 10वीं छात्रा ने की टेलीग्राम के जरिए 7.5 लाख की ठगी

**भरतपुर।** राजस्थान की भरतपुर साइबर थाना पुलिस ने 'ऑपरेशन एंटी वायरस' के तहत ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। साइबर पुलिस ने जोधपुर में कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी करने के मामले में दो युवतियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी सभी स्टूडेंट्स है, जिन्होंने ऑनलाइन निवेश के नाम 7.5 लाख रुपए की ठगी की थी। साइबर टीम ने जोधपुर के झालामण्ड क्षेत्र में छापेमारी करते हुए मोनिका प्रजापत (20), ममता कंवर (21) और पीयूष मेहरा को गिरफ्तार किया है।

## अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में किया गया दावा

# गलवान संघर्ष के बाद चीन ने नहीं बदली सेना की पोजीशन, सीमा पार बढ़ा रहा ताकत

*चीन लगातार लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) की तरफ मिलिट्री बिल्ड अप बढ़ा रहा है। यानी सैन्य ताकत और ढांचागत निर्माण। ये खुलासा हुआ है अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस ने 2024 की सालाना रिपोर्ट में इसमें कहा गया है कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) लगातार अपनी सेना की ताकत को एलएसी के आसपास बढ़ा रहा है। साल 2020 में गलवान संघर्ष के बाद ये बढ़ते जा रहे हैं। उसने अपनी सेना पीछे नहीं खींची है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की सबसे बड़ी कमांड है वेस्टर्न थियेटर कमांड (डब्लूडीसी)। ये लद्दाख के पास वाली कमांड है। यहां पर सीमा के पास चीन अपनी ताकत को मजबूती से बढ़ा रहा है। यहां पर बीजिंग में मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर दिया है। सड़कें बनाई हैं। एयरबेस बनाए हैं। लॉजिस्टिक फैसिलिटी बनाई है। चीन इनकी मदद से एलएसी पर तैनात कई ब्रिगेड्स को सहायता प्रदान कर सकता है। या नए ब्रिगेड तैनात कर सकता है। इस हरकत से पता चलता है कि चीन विवादित सीमा और इलाके को लेकर क्या तैयारी कर रहा है। ताकि भारत के डिफेंसिव मैकेनिज्म को काउंटर कर सके।

### खास बात

- चीन की सबसे बड़ी वेस्टर्न थियेटर कमांड ने लद्दाख के पास बनाया है एयरबेस





**यह है रिपोर्ट में**

### 2020 के बाद से निर्माण

भारत और चीन के बीच 21 दौर की कोर कमांडर-स्तर की वार्ता के बावजूद, चीन की सेना ने 2020 के बाद से स्थापित अपनी अग्रिम स्थिति बनाए रखी है। इसमें डी-एस्केलेशन के कोई संकेत नहीं हैं।

### सैन्य बुनियादी ढांचे में वृद्धि

रिपोर्ट में सीमा क्षेत्रों में पीएलए की लंबे समय तक तैनाती को सक्षम करने वाले बेस, एयरफील्ड और अन्य लॉजिस्टिक नोड्स के निर्माण का विवरण दिया गया है।

### वेस्टर्न थिएटर कमांड पर फोकस

डब्लूटीसी का प्राथमिक मिशन तिब्बत और शिनजियांग में भारत के साथ चीन की सीमा की सुरक्षा करना है। इसमें संयुक्त हथियार ब्रिगेड, यूएवी यूनिट और मिसाइल बेसों सहित अपने शस्त्रागार को आधुनिक बनाना शामिल है।

### आतंकवाद विरोधी व क्षेत्रीय स्थिरता

घरेलू स्तर पर, डब्लूटीसी को तिब्बत और शिनजियांग में कथित अलगाववाद और आतंकवाद को दबाने का काम सौंपा गया है। शी जिनपिंग के निर्देश... रिपोर्ट में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के इस्लाम को कम करने और शिनजियांग में धार्मिक और जातीय गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण पर जोर देने का उल्लेख किया गया है।

### भौगोलिक और रणनीतिक तौर पर असर

पेंटागन रिपोर्ट में भारत-चीन सीमा पर बढ़ते तनाव पर जोर दिया गया है, जहां चीन की सेना अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और भारतीय सैन्य अभियानों को रोकने के लिए निरंतर निर्माण कर रहा है। चीन ने सीमा क्षेत्र में अपनी सैन्य तैनाती को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है, जिसमें सड़कें, एयरफील्ड और लॉजिस्टिक सुविधाएं शामिल हैं। यह निर्माण चीन की लंबे समय तक तैनाती के लिए तैयारी को दर्शाता है, जिससे भविष्य में झड़पों की संभावना के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। इस बीच, भारत भी एलएसी के साथ अपनी रक्षा को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है, जिसमें बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं और सैन्य तैनाती शामिल हैं। यह स्थिति चीन-भारत संबंधों में एक महत्वपूर्ण फ्लैशपॉइंट बनी हुई है, जिसके क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा के लिए जरूरी हैं।

## विपक्ष को लगा जोर का झटका

# धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस उप सभापति ने खारिज कर दिया। अनुच्छेद 67(बी) का इस्तेमाल करते हुए उपराष्ट्रपति को हटाने पर विचार करने वाले किसी भी प्रस्ताव के लिए अनिवार्य रूप से कम से कम 14 दिन पूर्व नोटिस देना अनिवार्य होता है, जिसका पालन नहीं किया गया। इस वजह से तकनीकी आधार पर विपक्ष के प्रस्ताव को खारिज किया गया। उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि यह अविश्वास प्रस्ताव देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ नैरेटिव बनाने के उद्देश्य से लाया गया था। उन्होंने बताया कि उस प्रस्ताव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का नाम भी ठीक से नहीं लिखा गया था। बताया जा रहा है कि अविश्वास प्रस्ताव में दस्तावेज और वीडियो को जिक्र नहीं किया गया। उपसभापति ने कहा, 'संसद और उसके सदस्यों की प्रतिष्ठा के लिए चिंताजनक बात ये है कि यह नोटिस मौजूदा उपराष्ट्रपति को बदनाम करने के दावों से भरा हुआ है, जिसमें अगस्त 2022 में उनके पदभार ग्रहण करने के समय की घटनाओं का जिक्र किया गया है। नोटिस में प्रामाणिकता की कमी और बाद में सामने आई घटनाओं से पता चला कि यह राजनीतिक प्रचार को चमकाने का एक प्रयास था।'

### 14 दिन पूर्व नोटिस देना अनिवार्य होता है

इस दौरान उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने 2020 के तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'वेंकैया नायडू ने अनुच्छेद 67 (बी) के प्रावधानों के तहत प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने पर पसभापति के समान निष्कासन नोटिस को खारिज कर दिया था।' उपसभापति ने कहा, 'संविधान के प्रावधानों, राज्यसभा के नियमों और पिछली कार्रवाईयों को पढ़ने के बाद मैंने पाया कि यह अविश्वास प्रस्ताव सही प्रारूप में नहीं है। इसके अलावा संविधान के अनुच्छेद 90 (सी) के प्रावधानों के अनुसार, किसी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए 14 दिनों की नोटिस अवधि की आवश्यकता होती है।'

# 24 दिन से अनशन पर बैठे किसान नेता डल्लेवाल बेहोश, हालत नाजुक

*सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा- किसान नेता के टेस्ट-सीटी स्कैन आपकी जिम्मेदारी*

**पटियाला।** किसानों को फसल पर एमएसपी के गारंटी कानून के लिए 24 दिन से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत बिगड़ गई है। डल्लेवाल गुरुवार सुबह अचानक बेहोश होकर गिर गए। उन्हें उल्टियां भी हुईं। 10 मिनट बाद वे होश में आए। पुलिस के सीनियर अधिकारी खनौरी बॉर्डर पहुंचे हुए हैं। डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को किसान आंदोलन पर सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से सवाल किया कि 70 साल का आदमी 24 दिन से भूख हड़ताल पर है। कौन डॉक्टर है, जो बिना किसी टेस्ट के डल्लेवाल को सही बता रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा- आप कैसे कह सकते हैं डल्लेवाल ठीक हैं? जब उनकी कोई जांच नहीं हुई। ब्लड टेस्ट नहीं हुआ, ईसीजी नहीं हुई, तो कैसे कह सकते हैं कि वह ठीक हैं?



### सुको में अपना पक्ष रखेंगे डल्लेवाल

होश में आने के बाद डल्लेवाल ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के सामने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अपना पक्ष रखेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले कहा था कि किसानों के लिए उसके दरवाजे हमेशा खुले हैं। वह खुद सीधे या अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से कोई भी सुझाव या मांग कोर्ट के समक्ष रख सकते हैं। सभी हितधारकों के साथ चर्चा कर उचित विचार किया जाएगा।

# 'टक्कर से पहले नेवी की बोट स्टंट कर रही थी'

**मुंबई नाव हादसा के चश्मदीद बोले**



**मुंबई।** मुंबई में बुधवार को गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नाव के डूबने से 13 लोगों की मौत हुई। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रेस्क्यू टीम ने 2 घायलों समेत 98 लोगों को बचा लिया है। 2 लोग अब भी लापता हैं। सभी 13 शवों की पहचान कर ली गई है। इसमें 4 नेवी कर्मी और 9 सिविलियंस थे। नाव पर सवार दो जर्मन और एक कनाडाई नागरिक को भी बचाया गया है। नाव की क्षमता 90 यात्रियों की थी जिसमें 84 यात्री और 6 क्रू मेंबर हो सकते हैं, जबकि 100 से ज्यादा लोग सवार थे। नेवी की स्पीडबोट और नाव पर कुल 113 लोग सवार थे। नेवी की बोट पर 6 लोग थे, जिनमें से सिर्फ 2 को बचाया जा सका। एक चश्मदीद ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। उसने कहा- टक्कर से पहले नेवी की स्पीडबोट स्टंट कर रही थी।

### नेवी बोट ड्राइवर के खिलाफ केस

मुंबई पुलिस ने बताया कि कोलाबा पुलिस स्टेशन में नेवी बोट ड्राइवर पर केस दर्ज हुआ है। FIR में लापरवाही से मौत, दूसरों की जिंदगी खतरे में डालने, लापरवाही से नाव चलाने की धाराएं शामिल हैं। अब तक 9 लोगों के बयान भी दर्ज किए जा चुके हैं। घटना का एक और वीडियो गुरुवार को सामने आया। इसमें नेवी समुद्र में डूब रहे लोगों को रेस्क्यू करते दिख रही है। डूब रहे लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। वीडियो में उन्हें चीखते और चिल्लाते हुए सुना जा सकता है।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

## खालिस्तानी संगठन जिंदाबाद फोर्स ने हमले की ली जिम्मेदारी


# पंजाब में फिर थाने पर अटैक, बख्शीवाला चौकी पर फेंका गया ग्रेनेड

एजेंसी ▶▶| गुरदासपुर

पंजाब में एक बार फिर पुलिस चौकी पर हमला किया गया है। गुरदासपुर की बख्शीवाला पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला करने का मामला सामने आया है। आतंकी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने इसकी जिम्मेदारी ली है। एक महीने के अंदर यह सातवां ग्रेनेड हमला है। इस हमले से पहले पंजाब में बीते 25 दिनों में छह बड़े आतंकी हमलों को अंजाम दिया गया है। इन सभी आतंकी हमलों में पुलिस थानों को निशाने पर लिया गया है। पंजाब पुलिस की प्राथमिक जांच में इस बात की भी पुष्टि हो गई है कि इनके पीछे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई), खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ), केजेडएफ व अन्य संगठनों का हाथ है।

### विस्फोटकों की मारक क्षमता अधिक नहीं

पंजाब कैडर के 1977 बैच के पूर्व आईपीएस एवं पंजाब के पूर्व डीजीपी शशिकांत बताते हैं कि थानों पर जो हैंड ग्रेनेड हमले हुए हैं, उनमें देखने को मिला है कि इन हैंड ग्रेनेड के फटने से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। इन विस्फोटकों की मारक क्षमता अधिक नहीं थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह पुराने हैंड ग्रेनेड थे। ये कहीं दबे या किसी जगह पर लंबे समय से पड़े रहे होंगे, जिनका इस्तेमाल कुछ ग्रुप थानों को टारगेट कर डर का माहौल बनाना चाहता हैं। वैसे सही तथ्य तभी पता चल सकते हैं जब इन थानों में हुए ग्रेनेड हमलों या बरामद हुए आईईडी की फोरेंसिक जांच करा पता लगाया जाए कि यह कब के बने हुए हैं या इनका मॉडल क्या है।



### भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रची जा रही

पंजाब डीजीपी गौरव यादव का मानना है कि भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रची जा रही हैं। इन साजिशों के अंजाम देने के लिए पंजाब को टारगेट किया जा रहा है। पंजाब ने आतंकवाद के खिलाफ लंबे समय तक जंग लड़ी है। थानों पर हुए ग्रेनेड हमलों के पीछे के मकसद को जानने में जुटे जांच अधिकारियों के अनुसार कनाडा, अमेरिका, न्यूजीलैंड, फिलीपींस और अन्य देश में कई ऐसे संगठन ऐसे हैं जो न केवल विदेश में भारत के खिलाफ षड्यंत्रों को रचने में जुटे हैं, बल्कि अपने मूवमेंट को जिंदा रखने के लिए भारत में खासकर पंजाब में इस प्रकार के हमलों को अंजाम देते हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सज्जन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024


**डॉ. रेणु जोगी से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का संवाद**

# जनता कांग्रेस सुप्रीमो डॉ. रेणु बोलीं- मेरा नाम जोगी, मैं सिर्फ मांग सकती हूं, उम्मीद है- मेरी इच्छा का सम्मान होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कांग्रेस में अपनी पार्टी के विलय के लिए आवेदन देने वाली छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की सुप्रीमो डॉ. रेणु जोगी ने कहा है कि पार्टी प्रोटोकाल के तहत उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के माध्यम से अनुरोध किया है। वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात और संपर्क करने के संबंध में कहा, मेरा नाम जोगी है, मैं केवल मांग सकती हूं। वे मेरी इच्छा का सम्मान करेंगे, ऐसी आशा है। भरोसा है, हमें और हमारे कार्यकर्ताओं को वापस कांग्रेस में प्रवेश मिलेगा। यह बात उन्होंने हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से संवाद के दौरान कही। पेश हैं उनसे बातचीत के मुख्य अंश-

- ***कांग्रेस के दरवाजे पर एक बार फिर जनता कांग्रेस ने दस्तक दी है, ऐसा क्यों?***
- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सभी सदस्य यह चाहते थे कि कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी को मजबूती दें। हमने जीवन में जो भी हासिल किया है। हमने जीवन में जो उपलब्धि हासिल की है उसका श्रेय कांग्रेस को है। कांग्रेस हमारी मातृ संस्था है, अतः उसमें विलय करने के लिए हमने आवेदन देकर प्रयास किया है।

**प्रोटोकाल के तहत प्रदेश अध्यक्ष को दिया आवेदन**




- ***छत्तीसगढ़ में आपकी पार्टी की भूमिका भाजपा के मददगार के रूप में रही। अब अचानक कांग्रेस की ओर क्यों कदम बढ़ा रही हैं।***
- मैंने कभी भाजपा की मदद नहीं की और न ही उसके प्रति कोई रुझान रहा है। मेरे भाई और मेरे माता पिता से लेकर सभी लोग कांग्रेस में रहे हैं। भाजपा का सहयोग हमने किया, ऐसा मैं नहीं मानती। अजीत जोगी ने छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस का गठन किया था, तब भी ऐसा नहीं रहा।
- ***लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में विलय की कोशिश हुई थी। अब कांग्रेस में क्यों जाना चाह रही हैं।***
- इसका कारण मेरी व्यक्तिगत इच्छा और मेरे जनता कांग्रेस के पदाधिकारियों ने तय किया है कि कांग्रेस से अनुरोध करना चाहिए। हमने नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय नेतृत्व से इस संबंध में अनुरोध किया है कि हमारी पार्टी कांग्रेस को मजबूती देने विलय चाहती है।
- ***बड़े नेताओं से बात करें तो आपके नाम से सहमत होते हैं, लेकिन अमित जोगी का नाम आते ही पीछे हटते हैं। उन्हें कैसे राजी करेंगी।***
- वो मेरे परिवार का सदस्य है, जोगी जी का बेटा है, तो वो उनकी भावनाओं से परिचित हैं। पत्र में हम दोनों ने हस्ताक्षर किया है। अमित ने भी यह भावना जताई है कि वह कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करेगा। उसे मजबूत करने का हरसंभव प्रयास करेगा।
- ***कांग्रेस के नेताओं में अमित जोगी की आशंकाएं रहती हैं, उसे कैसे दूर करेंगी।***
- व्यक्तिगत मुझसे जाहिर नहीं किया। यह उनके मन की आशंकाएं हैं। यह मैं भी जानती हूं, लेकिन उससे अलग हटकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना चाहता है।
- ***कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम आपने लिया। गांधी परिवार से आपकी निकटता रही, सीधे सोनिया गांधी से क्यों नहीं मिलीं।*** ▶▶| शेष पेज 2 पर

---

**सत्तापक्ष और विपक्ष का संसद परिसर में प्रदर्शन धक्का-मुक्की का आरोप-प्रत्यारोप**

# राहुल के धक्के पर हंगामा, दो सांसद घायल भाजपा ने कहा-शर्मनाक

*बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी कथित तौर पर धक्का-मुक्की भी हुई। भाजपा का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्का-मुक्की की, जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। दूसरी तरफ, राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसदों ने उन्हें और अन्य विपक्षी सदस्यों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का-मुक्की की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी को लेकर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि ▶▶| शेष पेज 2 पर

- संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट जमकर की नारेबाजी

**छत्तीसगढ़ के सांसद संतोष पांडेय सीढ़ियों पर गिरे, कहा-सांड की तरह घुसे थे कांग्रेसी**



*रायपुर। संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की का शिकार राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय भी हुए हैं। उन्हें चोट तो नहीं लगी है, लेकिन वे सीढ़ियों पर गिर गए। हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्री पांडेय ने बताया भाजपा के प्रदर्शन के बीच में राहुल गांधी सहित कई कांग्रेसी सांड की तरह घुस आए* ▶▶| शेष पेज 2 पर





**विवाद की वजह**

विपक्षी दलों का आरोप है कि शाह ने राज्यसभा में बाबासाहेब का अपमान किया। वीडियो में यह कहते सुने जा सकते हैं, अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर...। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

**एफआईआर**

दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में हुई 'धक्का-मुक्की' के सिलसिले में राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर, बांसुरी स्वराज और हेमांग जोशी संसद मार्ग थाने पहुंचे और पुलिस को शिकायत सौंपी थी।

**पीयूष-शिवराज बोले-नेता प्रतिपक्ष के लायक नहीं**

भाजपा ने राहुल गांधी पर 'गुंडागर्दी' करने का आरोप लगाया और कहा कि उनके जैसा व्यक्ति नेता प्रतिपक्ष के पद पर रहने के लायक नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ ▶▶| शेष पेज 2 पर

**राहुल बोले- ध्यान भटका रही भाजपा**

राहुल गांधी ने गुरुवार पर गृह मंत्री अमित शाह के डॉ. आंबेडकर संबंधित बयान के मुद्दे से ध्यान भटकाने के प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शाह को माफी मांगनी चाहिए एवं इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप भी लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच संविधान और बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के खिलाफ है। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस की सोच संविधान और आंबेडकर विरोधी है।

---

**तड़के अलग-अलग टीमों ने की छापेमारी**

# नक्सल फंडिंग पर शिकंजा आवापल्ली, तर्रेम और भैरमगढ़ में एनआईए छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

नक्सलियों के शहरी नेटवर्क पर नकेल कसने गुरुवार तड़के एनआईए की अलग-अलग टीम ने बीजापुर जिले में चार अलग-जगह में छापेमारी कार्रवाई की। इस दौरान कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ की भी खबर है। जिले के भैरमगढ़, आवापल्ली, और तर्रेम समेत चार ठिकानों में सुबह एनआईए की टीम पहुंची थी। बताया जा रहा है कि नक्सल फंडिग में साथ देने व नक्सलियों की मदद ▶▶| शेष पेज 2 पर

- मूलवासी बचाओ मंच के नेता के घर पर भी छापेमारी

**छापेमारी के बाद सुरक्षा बल सक्रिय**

एनआईए की छापेमारी के बाद बीजापुर जिले के अलग-अलग इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस दौरान एनआईए की टीम के अलावा स्थानीय फोर्स की भी तैनाती बढ़ा दी गई, ताकि छापेमारी के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। एनआईए का यह अभियान नक्सल गतिविधियों पर लगाम ▶▶| शेष पेज 2 पर




## चिंतन

# संसद लोकतंत्र का मंदिर, यह धक्का-मुक्की का स्थान नहीं

संसद लोकतंत्र का मंदिर है। यह राजनीतिक कलह का मंच नहीं है, लेकिन लंबे समय से जिस तरह संसद की मर्यादा का जबरदस्त ह्रास हो रहा है, यह न केवल लोकतंत्र बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। देश के 97 करोड़ मतदाता सांसदों को चुनकर संसद में इसलिए भेजते हैं कि वे देश की समस्याओं, विकास और युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करने के लिए चर्चा करें और देश को आगे बढ़ाएं। लेकिन संसद में जो हो रहा है वो देश को चिंता में डालने वाला है। युवा के सपने साकार करने के बजाए सांसद सदन में धक्का-मुक्की कर रहे हैं। बात केवल सत्ता पक्ष या फिर विपक्ष की नहीं है। यह मंच हर देशवासी का है। गुरुवार को संसद में जो हुआ उससे पूरा देश शर्मसार है। संसद परिसर में धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिरा। सारंगी जब मीडिया के सामने आए, तब उनके सिर से खून निकल रहा था। सारंगी के अलावा फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई है। दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। धक्का-मुक्की को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम शांति से प्रदर्शन करने आए थे, लेकिन भाजपा ने मसल पावर दिखाई। ये उनका अडाणी जैसे जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाने का तरीका है। वहीं, भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अगर खड़गे-राहुल को माफी नहीं मांगनी थी तो प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की। उनका अहंकार झलक रहा है। आज जो संसद में हुआ उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कांग्रेस ने गुंडे-पहलवान संसद में भेजे हैं। बात यह नहीं है कि कसूर सत्ता पक्ष का है या विपक्ष का। संसद सदस्यों पर विधि निर्माण और संविधान संशोधन की जिम्मेदारी है। आश्चर्य है कि अनेक सदस्य कार्यवाही में बाधा डालते हैं। नियमावली की भी उपेक्षा करते हैं। इससे आहत पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने सदन की नियमावली को ही जला देने की बात कही थी। विधायी संस्थाओं में विधि और नियम का उल्लंघन साधारण घटना नहीं है। सदनों में कार्यवाही की गुणवत्ता की चिंता पुरानी है और इसमें कोई सुधार होने की बजाए हर सत्र के बाद यह गंभीर होती जा रही है। एक समय था जब विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही कार्यवाही की पवित्रता के प्रति सजग थे। हमेशा सदन की मर्यादा का ध्यान रखा जाता था। शोर-शराबा और हंगामा विपक्ष का काम नहीं है। राहुल गांधी को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के वक्तव्य पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने लोकसभा के एक प्रकाशन की भूमिका में लिखा है, संसद में अनुशासनहीनता और अव्यवस्था से मर्यादा क्षीण होती है। नागरिकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए, लेकिन हो रहा है बिलकुल इसके विपरीत। बहुत जरूरी है कि संसद के सभी दलों के संसदीय पदाधिकारी परस्पर संवाद बनाएं। संसद में मर्यादा बनाए रखने के विषय पर संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार करें। पवित्र सदन में संवाद के स्थान पर अव्यवस्था उचित नहीं। इससे न केवल हर देशवासी आहत होता है बल्कि पूरे दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र की पवित्रतता पर भी आंच आती है। इस पर सभी दलों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।



विश्लेषण
शशि शेखर

# कृतज्ञता की भी होती है एक सीमा

> बाबा साहेब ने कहा था 'हम भारतीयों को एक महान व्यक्ति के पैरों में अपनी स्वतंत्रता गिरवी नहीं रखनी चाहिए और तमाम शक्तियों से लैस उस महान व्यक्ति पर भी ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए, जिससे कि वह हमारी संस्थाओं का नाश करने में सक्षम हो जाए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि हम उन लोगों के प्रति आभारी बनें, जिन्होंने देश के लिए जीवन भर सेवाएं दीं, लेकिन कृतज्ञता की भी एक सीमा होनी चाहिए। भक्ति (किसी व्यक्ति की) या नायक पूजा लोकतंत्र के क्षरण और संभावित तानाशाही के लिए एक मार्ग प्रशस्त करती है।' इस उक्ति को मैं इंदिरा गांधी से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री तक के संदर्भ में देखता हूं।

अमित शाह के बयान को बाबा साहेब के संविधान सभा में दिए अंतिम भाषण के सन्दर्भ में देखना काफी दिलचस्प होगा। अमित शाह की यह एक खूबी राजनीति में रेयर है, पॉलिटिकल करेक्ट न हो तब भी वो बात कहने की ताकत। बाबा साहेब ने संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में तीन महत्वपूर्ण बातें कही थी। ये बातें नहीं चेतावनी थी। भारत के हर नागरिक को इसे ताबीज बना कर अपने गले से लटका कर चलना चाहिए, क्योंकि ये तीन चेतावनियां ही किसी को भी एक लोकतांत्रिक राष्ट्र का सशक्त नागरिक होने का एहसास कराती हैं।

बाबा साहेब ने जॉन स्टुअर्ट मिल को कोट करते हुए कहा था 'हम भारतीयों को एक महान व्यक्ति के पैरों में अपनी स्वतंत्रता गिरवी नहीं रखनी चाहिए और तमाम शक्तियों से लैस उस महान व्यक्ति पर भी ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए, जिससे कि वह हमारी संस्थाओं का नाश करने में सक्षम हो जाए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि हम उन लोगों के प्रति आभारी बनें, जिन्होंने देश के लिए जीवन भर सेवाएं दीं, लेकिन कृतज्ञता की भी एक सीमा होनी चाहिए। भक्ति (किसी व्यक्ति की) या नायक पूजा लोकतंत्र के क्षरण और संभावित तानाशाही के लिए एक मार्ग प्रशस्त करती है।' इस उक्ति को मैं इंदिरा गांधी से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री तक के संदर्भ में देखता हूं। कदाचित, मैं अमित शाह की तारीफ़ नहीं करता। लेकिन, कल-परसों जब बाबा साहेब वाली टिप्पणी उन्होंने की, तो मुझे लगा कि यह शख्स इतना अबूझ भी नहीं की राजनीतिक रूप से इतना खतरनाक बयान दे । यह शायद इस व्यक्ति की मूलवृति है कि सच बोल दो, भले नुकसान हो जाए। वैसे भी जो अपने घर से निकाला जा चुका हो, उसे और अधिक भय क्या होगा?

गांधी जी के चतुर बनिए बयान से बाबा साहेब पर ताजा बयान तक, अमित शाह का बयान मैं सिर्फ और सिर्फ उपरोक्त कोट (बाबा साहेब के भाषण) के सन्दर्भ में ही देखना चाहता हूं। और तमाम बाबा साहेब में आस्था रखने वालों से पूछना चाहता हूं कि आप बाबा साहेब को कितना जानते हैं, कितना अपधाते हैं और क्या आपने सिर्फ इसी एक भाषण के अंश को पढ़ा और समझा है, जिसमें बाबा साहेब खुद व्यक्ति पूजा, नायक पूजा को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं। आप बाबा साहेब के निर्देश (पढ़ो-लिखो, ताकतवर बनो) पर कितना अमल करते हैं। आपके लिए नायक प्रोफ़ेसर रतन लाल होने चाहिए, जिन्होंने पढ़ लिखकर अपने समाज के लिए मिसाल पेश की या कोई टुच्चा नेता, जिसकी भाषा में भी बाबा साहेब की शाब्दिक गरिमा तक नहीं झलकती? या आपको मैनिपुलेट करने वाला एक टुच्चा टाइप पूर्व पत्रकार जो आजकल सरकार की नायक और व्यक्ति पूजा में लीन है? मैं बस इन चंद सरल सवालों तक ही रुक जाता हूं। क्योंकि मेरे कठिन प्रश्न अलबत्ता आपको समझ नहीं आएंगे, आ भी गए तो जवाब आप दे नहीं पाएंगे। ऐसे में अमित शाह ने बिलकुल सही कहा कि आप किसी व्यक्ति को फैशनेबल बना कर अपने समाज या राष्ट्र का भला नहीं कर सकते।

जैसे, वीर सावरकर या दीनदयाल उपाध्याय का नाम



लेते रहने से हिन्दुओं का कोई भला नहीं होने वाला है। क्योंकि मैं तमाम भाजपा समर्थकों से सिर्फ इतना पूछ लूं कि दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का सर्पिल संरेखण (स्पाइरल स्ट्रक्चर) का अर्थ क्या है, तो मुंह बा देंगे। इसलिए, मुझे लगता है कि पॉपुलर परसेप्शन से दूर जाकर खतरनाक सच बोलने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए। यह हिम्मत मैं राहुल गांधी में भी कई बार देखता हूँ, लेकिन मनुस्मृति बिना पढ़े उस पर टिप्पणी करके वे कभी-कभी लड़खड़ा जाते हैं। ऐसे में अमित शाह का बयान राजनीतिक रूप से भले करेक्ट न हो, व्यवहार्य में एकदम सटीक है। आप माने ना माने। हिन्दुस्तान के दलित विमर्श में या अन्य ऐसे किसी भी ऐसे विमर्श को लेकर एक बड़ी दुविधाजनक स्थिति है। दलित साहित्य पर बात प्रेमचंद करेंगे, लेकिन उनकी आलोचना होगी। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री दोक्टोरे श्रीकृष्ण सिंह देवघर के मंदिर में दलितों को एंट्री दिलाएंगे और भारत का पहला राज्य बिहार को बनाएंगे जहां, बाकायदा क़ानून बनाकर जमींदारी प्रथा का उन्मूलन किया गया, लेकिन उन्हें हमेशा सवर्णों का नेता ही माना जाएगा।

वैसे ही वीपी सिंह ने मंडल आरक्षण के जरिये एक मूक सामाजिक क्रान्ति ला दी, लेकिन पिछड़ों का नेता उन्हें कभी नहीं माना जाएगा। तो, यह सब परसेप्शन और एक आम धारणा का खेल है, जो अक्सर राजनीति में सबसे फिट बैठता है। मसलन, मुस्लिम तुष्टिकरण एक ऐसा शब्द है, जिसे मैं आज तक समझ नहीं पाया। 70 साल तक अगर किसी एक कौम का तुष्टिकरण किसी दल ने किया, तब भी वह कौम आज विकास के सभी पैमानों पर कहां है, इसे बताने के लिए इस देश को सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा कमिशन बनाना पड़ता है। ऐसे में, बाबा साहेब के नाम पर या कांशीराम जी के नाम पर राजनीति तो होगी ही, लेकिन उनके विचारों को कितना अमल में लाया जाएगा, यह किसी के एजेंडे पर नहीं है। चाहे वह कांग्रेस हो, मायावती हो या भाजपा ही क्यों न हो? इस हमाम में सब साफ़-सुथरे कपड़े पहनकर मजा ले रहे हैं। ऐसी स्थिति में अमित शाह या किसी भी नेता के द्वारा बाबा साहेब पर ऐसा बयान देना कितना खतरनाक हो सकता है, सब जानते हैं। फिर भी, सच बोलना हिम्मत की बात है। अमित शाह ने हिम्मत के साथ बयान दिया। और मैं इसलिए ऐसा कह रहा हूं कि मैं इस बयान को सिर्फ और सिर्फ बाबा साहेब के उपरोक्त भाषण के नजरिये से ही देख रहा हूं। रही बात विकास की, तो कौन किसका विकास करता है, यह सवर्ण भी जानते हैं, दलित भी जानते हैं, पिछड़े भी जानते हैं, अल्पसंख्यक भी। लेकिन, राजनीति है और राजनीति सबको करनी है, सो राजनीति का लोकतंत्र का नृत्य जारी है।

बता दें कि बुधवार 18 दिसंबर को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था, 'अभी एक फैशन बन गया है... अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' अमित शाह के बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर दिए गए इस बयान पर राजनीति गरमा गई है। पूरे देश में बाबा साहेब के अनुयायियों और विपक्ष में गृहमंत्री अमित शाह के लिए जबरदस्त गुस्सा और आक्रोश व्याप्त है। वहीं, अमित शाह ने इस पूरे मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। पहले उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के एडिटेड कर के शेयर किया था। मैं मीडिया से भी अनुरोध करना चाहता हूं कि वह मेरा पूरा बयान जनता के सामने रखें, मैं उस पार्टी से हूं जो कभी भी अंबेडकर जी का अपमान नहीं कर सकती। जब भी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रही, अम्बेडकर जी के सिद्धांतों का पालन किया। हमने आंबेडकर जी के सिद्धांतों का प्रचार किया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रौद्योगिकी
प्रमोद भार्गव



# विलो-क्वांटम चिप कंप्यूटर तकनीक का नया आधार


गूगल ने वर्ष 2024 के अंतिम माह दिसंबर में विलो नाम की क्वांटम चिप बनाकर तकनीक के क्षेत्र में बड़ा हल्ला मचा दिया है। अत्यंत सूक्ष्म महज 4 वर्ग सेंटीमीटर की यह चिप एक तरफ तो 30 साल से भी ज्यादा पुरानी समस्या का हल खोजने में सक्षम है, वहीं यह चिप 5 मिनट में ऐसे कार्य कर सकती है, जिन्हें करने में सबसे तेज सुपर कंप्यूटर को भी 10 सेप्टिलियन अर्थात अरबों साल लग सकते हैं। अतएव इससे कृत्रिम बुद्धि, फ्यूजन ऊर्जा तथा ब्रह्मांड के तारामंडल के गृह-नक्षत्रों को जानने में मदद मिलेगी। मौसम व प्राकृतिक आपदाओं की सटीक भविष्यवाणी करने में सुविधा होगी। तकनीक के क्षेत्र में इस नवीन उपलब्धि की सर्वत्र चर्चा है। एलन मस्क जैसे लोग इस उत्पाद को लेकर अचंभित हैं। इसलिए इसे सुपर ब्रेन की संज्ञा दी जा रही है। विलो चिप व्यावसायिक रूप में क्वांटम कंप्यूटिंग की नई दिशा तय करती हुई मील का पत्थर साबित होगी। दुनिया में इस समय दिन दूनी ,रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है। कुछ समय पहले तक असंभव सी लगने वाली चीजें आज प्रौद्योगिकी की मदद से सरलता से परिणाम तक पहुंच रही हैं। एक समय संगणक के विकास ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया था। अब कृत्रिम बौद्धिकता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) ने चिकित्सा से लेकर हथियारों के निर्माण तक हर क्षेत्र में कंप्यूटर और रोबोट के प्रयोग को नया आयाम दिया है। पारंपरिक कंप्यूटर की दुनिया में इस प्रगति के समानांतर एक और अनुसंधान चल रहा है, जिसका नाम है 'क्वांटम कंप्यूटिंग' यानी अति-सूक्ष्मता का विज्ञान। भारत ने भी अब इस क्षेत्र में गति लाने का ऐलान कर दिया है। भौतिक-शास्त्र के क्वांटम सिद्धांत पर काम करने वाली इस कंप्युटिंग में असीमित संभावनाएं देखी जा रही हैं। शोध के लिहाज से यह विषय किसी के लिए भी रुचिकर हो सकता है। इस क्वांटम कंप्युटिंग या मैकेनिक्स की खास बात यह है कि इसकी शुरुआत के बाद भारतीय और पश्चिमी वैज्ञानिक यह मान रहे हैं कि भारतीय भाववादी सिद्धांत को जाने बिना अणु या कण में चेतना का आकलन नहीं किया जा सकता। क्वांटम भौतिकी और कृत्रिम बौद्धिकता एक तरह से चेतना के भाववादी सिद्धांत को ही अस्तित्व में लाने के उपाय हैं। क्वांटम कंप्युटिंग या यांत्रिकी एक लैटिन शब्द है। इसका अर्थ अतिसूक्ष्म कण है। इस विषय के अंतर्गत पदार्थ के अति सूक्ष्म कणों का अध्ययन किया जाता है। इनमें परमाणु, न्यूक्लियस एवं इलेक्ट्रॉन व प्रोटॉन सभी मौलिक कणों का अध्ययन शामिल है। इसमें इनके व्यवहार और उपयोगिता का अध्ययन किया जाता है।

क्वांटम सिद्धांत के तहत अणु, परमाणु और इनके भी मूलभूत कण बेहद लघुतम अवस्था में मौजूद रहते हैं। इस खोज पर 1918 में मैक्स प्लांक को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार भी मिला। 1924 में सत्येंद्रनाथ बोस ने प्लांक के विकिरण नियम को समझाने के लिए एक सर्वथा नवीन विधि सुझाई। उन्होंने प्रकाश की कल्पना द्रव्यमानरहित कणों के एक गैस पिंड के रूप में ली। इसे फोटॉन गैस के रूप में मान्यता मिली। बाद में इस मान्यता को अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी स्वीकृति दी। कण-यांत्रिकी को कल के कंप्यूटर का भविष्य माना जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से आंकड़ों और सूचनाओं को कम से कम समय में प्रसारित किया जा सकेगा। एआई,जीपीटी चेट और चैटबॉट जैसी तकनीक इसकी सहायता से और तेजी से गतिशील रहेंगी। लेकिन विलो चिप निर्माण कर लिए जाने की घोषणा ने सुपर कंप्यूटर के निर्माताओं को फिलहाल सकते में डाल दिया है क्योंकि विलो चिप की क्षमताएं ब्रह्मांड व्यास की तरह शक्तिशाली और असीमित बताई गईं हैं। ऐसा भी माना जा रहा है कि क्वांटम यांत्रिकी का क्षेत्र जितना महत्वपूर्ण है, उस तुलना में इस क्षेत्र में कुशल युवाओं की संख्या बहुत कम है।

क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता को देखते हुए इसके विकास में भारत समेत अनेक देश लगे हैं। यही वजह है कि आविष्कार से पहले इसकी क्षमताओं का मूल्यांकन कर लेने वाले देश इसके अनुसंधान पर बढ़ी राशि खर्च कर रहे हैं। चीन ने 15 अरब डॉलर खर्च करने की घोषणा की है। यूरोपीय यूनियन ने इस क्षेत्र में करीब 8 अरब डॉलर खर्च कर रही है। भारत सरकार ने भी इस दिशा में शोध को बढ़ावा देने के लिए क्वांटम सूचना-विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्था का गठन तो पहले ही कर लिया था, लेकिन केवल क्वांटम तकनीक पर नवीन शोध और आविष्कार के लिए 2023-24 से 2030-31 तक चलने वाले इस अभियान पर इस 6003.65 करोड़ खर्च किए जाएंगे। भारत इतनी बड़ी राशि पहली बार खर्च कर रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
## प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खरमास में न करें मांगलिक कार्य

सनातन धर्म में खरमास की अवधि को अत्यधिक महत्वपूर्ण समय माना जाता है। खरमास की अवधि वर्ष में दो बार आती है और प्रत्येक बार यह लगभग 30 दिनों की होती है। देखा जाए तो इनमें से एक अवधि प्रायः मार्गशीर्ष एवं पौष महीने के संधिकाल में आती है, जब खरमास का जन्म होता है। इस बार 15 दिसंबर रविवार को खरमास आरंभ हो गया है, जो 14 जनवरी मंगलवार तक रहेगा। हमारे धार्मिक ग्रंथों में वर्णन है कि खरमास के दौरान अंशु तथा भग नामक दो आदित्य, कश्यप और क्रतु नाम के दो ऋषि, महापह्म एवं ककोंटक नाम के दो नाग, चित्रांगद और अर्णायु नामक दो गंधर्व, सहा तथा सहस्या नाम की दो अप्सराएं, तार्क्ष्य एवं अरिष्टनेमि नाम के दो यक्ष और आप तथा वात नाम के दो राक्षस सूर्यदेव के रथ के साथ-साथ चलते हैं। खरमास की अवधि में पूजा-पाठ करें, परंतु मांगलिक कार्य न करें। - *मनोज शुक्ला, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### कांग्रेस आरक्षण विरोधी



काका कालेलकर आयोग और मंडल कमीशन की रिपोर्ट्स को ठंडे बस्ते में डालने वाली कांग्रेस आरक्षण विरोधी है। राजीव गाँधी जी ने सबसे लंबा भाषण ओबीसी आरक्षण के विरोध में दिया था।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भाजपा की मंशा



भाजपाई बाबासाहेब के बनाये संविधान को अपना सबसे बड़ा विरोधी मानते हैं क्योंकि उनको लगता है कि वो जिस प्रकार ग़रीब, दमित का शोषण करके अपना प्रभुत्व कायम करना चाहते हैं, उनकी इस मंशा के आगे संविधान ढाल बनकर खड़ा है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### थोरियम का सबसे बड़ा भंडार



दुनिया में थोरियम का सबसे बड़ा भंडार भारत के पास है? प्रचुर मात्रा में थोरियम हमारे पास थोरियम को यूरेनियम में बदलने और छोटे रिएक्टरों का उपयोग करके उससे बिजली पैदा करने की तकनीक है जो लागत प्रतिस्पर्धी है। परमाणु ऊर्जा देश का चेहरा बदल सकती है।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति


### मेरा व्यंग्य संग्रह



मेरे व्यंग्य संग्रह "मौन मुस्कान की मार" का एक व्यंग्य 'भग्गू पटेल उर्फ बीसीपी' .. समय मिले तो सुनिएगा, व्यंग्य का लिंक मेरे एक्स अकाउंट पर उपलब्ध है। आपका स्नेह मेरे परिष्कार का कारक है।
-आशुतोष राणा, अभिनेता

## करंट अफेयर

# भारत, अमेरिका ने अंतरिक्ष सहयोग की रूपरेखा तैयार की



भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने अंतरिक्ष सहयोग में अगले कदमों की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान, संयुक्त अंतरिक्ष अन्वेषण और बढ़ती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष कंपनियों के बीच वाणिज्यिक साझेदारी को सुविधाजनक बनाने की प्रतिबद्धता शामिल है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को बताया कि इस संबंध में ह्यूस्टन में 17 दिसंबर को एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें अमेरिका के प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर, उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा शामिल हुए। व्हाइट हाउस ने एक तथ्य-पत्र में कहा, ''(पूर्व) राष्ट्रपति (जो) बाइडन और प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी की जून 2023 में 'अंतरिक्ष सहयोग के सभी क्षेत्रों में नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने' के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता और भारत के आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर के बाद दोनों देश नागरिक, सुरक्षा और वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण बिंदु पर पहुंचे।' उसने कहा,'इसमें मानव युक्त अंतरिक्ष उड़ान, संयुक्त अंतरिक्ष अन्वेषण और बढ़ती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी और भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों के बीच वाणिज्यिक साझेदारी को सुविधाजनक बनाने की प्रतिबद्धता शामिल है।'

## ऑफ बीट

# अध्ययन से स्पष्ट, लोग नकदी कम खर्च करते हैं



मेहनत की कमाई किसी को देना हमेशा से थोड़ा कष्टदायी होता है। और ऐतिहासिक रूप से, अध्ययनों में पता चला है कि ग्राहकों को जब नकदी में भुगतान करना होता है तो वे कम पैसा खर्च करते हैं। इस सदी की शुरुआत में यह पता लगाने अध्ययन किया गया था कि ज्यादातर उपभोक्ता नकदी से भुगतान करते हैं या फिर प्री-पेड कार्ड का उपयोग करके। अध्ययन में पता चला कि लोग नकदी कम खर्च करते हैं। इस अध्ययन के दौरान किराने की एक दुकान में उपभोक्ता रसीदों की पड़ताल करके इसकी पुष्टि की गई थी। साक्ष्य यह भी बताते हैं कि ग्राहक पारंपरिक रूप से नकदी की जगह डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करके ज्यादा भुगतान करते रहे हैं। भुगतान का तरीका आपके मनोविज्ञान से जुड़ा होता है। यह भी पता चला है कि नकद पैसे देने से भुगतान का कष्ट उपभोग के आनंद को फीका कर देता है। वास्तव में, यह पता चला है कि नकदी का उपयोग मन को दुखी कर देता है। यह भी पता चला है कि मोबाइल भुगतान (उदाहरण के लिए, फोन या स्मार्टवॉच से) भी क्रेडिट या डेबिट कार्ड के उपयोग की तरह ही खर्च को प्रभावित करता है। यानी, नकदी की तुलना में मोबाइल से भुगतान करते समय अधिक पैसा खर्च होता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष पंचमी
वर्ष: 23, अंक: 154
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 13.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

■ 14 माह से नौकरी कर रहे हैं बीएड डिग्रीधारी
■ 2 हजार 900 के पास नहीं हैं अन्य डिग्री



*बीएड अभ्यर्थियों की नौकरी बचाने न्यायविदों से मशवरा, बीएड अभ्यर्थियों से भी मांगे गए सुझाव*

# डीएलएड अभ्यर्थियों को मिलेगी नौकरी, बीएड डिग्रीधारियों को भी 'अभयदान', शिक्षा विभाग में ही होंगे एडजस्ट!

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

न्यायालय के आदेश पश्चात स्कूल शिक्षा विभाग डीएलएड अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर ली गई है। व्यापम द्वारा आयोजित की गई परीक्षा के आधार पर 2 हजार 900 कैंडिडेट्स की सूची मेरिट आधार पर आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए बनाई गई है। हालांकि इसे अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, बीते 14 माह से नौकरी कर रहे बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों के लिए दूसरी व्यवस्था किए जाने के बाद ही डीएलएड अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी की जाएगी और उन्हें प्राथमिक कक्षाओं में बतौर शिक्षक नियुक्ति दी जाएगी।

10 दिसंबर को हुई सुनवाई के दौरान शासन द्वारा तर्क दिया गया था कि बीएड अभ्यर्थियों को मध्य सत्र से हटाए जाने पर ▶▶| शेष पेज 2 पर

हरिभूमि खास


15 दिनों में डीएड अभ्यर्थियों को दें नौकरी

**10 दिसंबर को सुनवाई के दौरान न्यायालय ने संशोधित सूची जारी करने दिया था 2 सप्ताह का समय**

### 6,500 में से 2,900 बीएड वाले

कांग्रेस शासनकाल में शिक्षकों के 10 हजार पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। इनमें से 6 हजार 500 पद सहयक शिक्षक अर्थात प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षक के थे। इनमें से 2 हजार 900 पदों पर बीएड डिग्रीधारी कैंडिडेट्स को नियुक्ति दे दी गई, जिसे न्यायालय ने बाद में गलत ठहराते हुए इन पदों पर भी डीएलएड डिप्लोमाधारियों को नियुक्त करने आदेश जारी किया। बीएड डिग्रीधारी 2 हजार 900 सहायक शिक्षक बीते 14 माह से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिन्हें उनके पद से अब हटाया जा रहा है। अपनी मांग लेकर गए कैंडिडेट्स से भी उच्च अधिकारियों द्वारा मौखिक रूप से सुझाव मांगे थे।

### नवपद सृजन नहीं, लेकिन तलाश रहे रास्ता

चूंकि इन 2 हजार 900 कैंडिडेट्स में से अधिकतर के पास बीएड के अतिरिक्त कोई अन्य डिग्री नहीं है, इसलिए इन्हें अन्य विभाग में नियुक्ति नहीं दी जा सकती। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों के पद रिक्त हैं। ऐसे में बीएड अभ्यर्थियों को इन पदों पर ही एडजस्ट किया जाएगा, लेकिन इसके लिए रास्ता तलाशा जा रहा है। रिक्त पदों पर इन्हें नियुक्ति देने पर किसी तरह की विवाद की स्थिति निर्मित ना हो अथवा इनकी नियुक्ति को लेकर दोबारा किसी कानूनी लड़ाई ना लड़नी पड़े, इसके लिए न्यायविदों की सलाह ली जा रही है। इन्हें किन नियमों के तहत, किस तरह से एडजस्ट किया जाए, इस पर विमर्श हो रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने किंग चार्ल्स तृतीय से की बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय से बात की तथा भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने इस दौरान राष्ट्रमंडल, जलवायु कार्रवाई और स्थिरता सहित आपसी हितों के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### कार और ट्रक की टक्कर में छह की मौत



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में कार और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बरेली-इटावा मार्ग पर बरखेड़ा जयपाल चौराहे के पास हुआ। रियाजुल अली अपने परिवार के साथ कार से दिल्ली जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई।

### मुफ्त योजनाओं से खत्म हो सकते हैं संसाधान



**मुंबई।** आरबीआई की रिपोर्ट में राज्यों को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि कृषि ऋण माफी, मुफ्त बिजली एवं परिवहन जैसी छूट देने से सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के लिए उनके महत्वपूर्ण संसाधन खत्म हो सकते हैं। आरबीआई ने 'राज्य वित्तः 2024-25 के बजट का एक अध्ययन' वाली रिपोर्ट पेश की है।

### उत्तरभारत में कड़ाके की ठंड, माइनस पर पारा



**नई दिल्ली।** पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर कश्मीर तक, मौसम में काफी ठंडक महसूस की जा रही है। श्रीनगर में सीजन की सबसे ठंड रात रिकॉर्ड हुई है। पारा माइनस 6 डिग्री तक गिर गया। दिल्ली में पांच डिग्री सेल्सियस के आसपास न्यूनतम तापमान चल रहा है।

### बीआरएस विधायक के खिलाफ एफआईआर



**नई दिल्ली।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक केटी रामाराव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह राज्य की पूर्ववर्ती के चंद्रशेखर राव की सरकार के दौरान हैदराबाद में फॉर्मूला-ई रेस के आयोजन में कथित अनियमितताओं का मामला है।

कांग्रेस ने संशोधन विधेयक का किया विरोध, उनकी गैरमौजूदगी में बहुमत के आधार पर हुआ पास

# मेयर और पालिकाध्यक्ष अब सीधे चुनेगी जनता, विधेयक पास, विपक्ष ने सदन छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब नगर निगमों के मेयर और पालिकाओं के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। राज्य विधानसभा में गुरुवार को नगर पालिका निगम और नगर पालिका संशोधन विधेयक के मंजूरी मिलने के बाद नियम में बदलाव हो गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय मेयर और अध्यक्ष पद पर निर्वाचन चुने हुए पार्षदों के माध्यम से अप्रत्यक्ष प्रणाली से होता था। राज्य सरकार ने प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने के लिए पूर्व में अध्यादेश लाया था, लेकिन अब विधानसभा में इस बदलाव के लिए दो विधेयकों को मंजूरी मिल गई है। इस दोनों विधेयक विपक्षी कांग्रेस की गैरमौजूदगी में बहुमत के आधार पर पारित किए गए।

### विपक्ष ने कहा संवैधानिक नहीं

नगर पालिका निगम संशोधन विधेयक पेश करने से पहले नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने यह कहते हुए विरोध किया कि यह विधेयक पेश करना ही संविधान का स्पष्ट उल्लंघन है। इस संबंध में पूर्व में ही सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि निर्वाचित सभा का कार्यकाल पांच साल पूरा होने के पहले ही चुनाव कराना होगा। नेता प्रतिपक्ष ने ये भी कहा कि न तो आप (सरकार) और न ही राज्यपाल इसे बदलने के लिए सक्षम हैं। अगर आप सुपरसीड करने का अधिकार मंत्री को है, तभी विधेयक पेश किया जाए। अगर ये विधेयक असंवैधानिक है, तो हम इसका हिस्सा नहीं बनेंगे। इसके जवाब में मंत्री श्री साव ने कहा कि ये राज्य का विषय है। ▶▶| शेष पेज 2 पर

### संशोधन विधेयक पर सदन की मुहर

**खास बातें**

- डिप्टी सीएम अरुण साव ने पेश किया विधेयक मिला समर्थन
- महंत, राघवेंद्र ने कहा- विधेयक पेश कर संविधान का उल्लंघन
- बदलाव के लिए विभिन्न स्त्रोतों से सरकार को मिले थे सुझाव






### मेयर व अध्यक्ष डायरेक्ट, राइट टू रिकॉल भी

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भारसाधक मंत्री और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर पालिका निगम और नगर पालिका संशोधन विधेयक पेश किए थे। हालांकि इस दौरान विपक्षी कांग्रेस के सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे। विपक्षी सदस्य पहले ही राजस्व विभाग के एक संशोधन विधेयक पर विरोध जताते हुए बहिर्गमन कर गए थे। लिहाजा दोनों विधेयकों पर सत्ता पक्ष के गिने चुने विधायकों ने समर्थन पर सहमति दी।

नगर निगमों में मेयर के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने के संबंध में प्रस्तुत विधेयक में उद्देश्य एवं कारणों के कथन में कहा गया है कि महापौर का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से शहरीय मतदाताओं द्वारा किया जाए। ताकि महापौर को सदन में निर्वाचित पार्षदों का का समर्थन वापस लेने का दबाव न हो और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बल मिले। इस बदलाव के लिए शासन को अनेक स्रोतों से सुझाव भी प्राप्त हुए थे। इस विधेयक ▶▶| शेष पेज 2 पर

## सड़क निर्माण घोटाला, चार अधिकारी सस्पेंड, ठेकेदार से होगी वसूली

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने दंतेवाड़ा अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत सड़क में अनियमितता के मामले की जांच और ठेकेदार के खिलाफ वसूली करने के साथ ही 4 अधिकारियों को निलंबित करने की घोषणा सदन में की। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल में सवाल किया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना मड़कामीरास से हिरोली हेल्थ सेन्टर और हिरोली हेल्थ सेन्टर से हिरोली कैम्प डोकापारा तक सड़क की कुल लागत क्या थी? खर्च कितना हुआ, कितना भुगतान हुआ?

जवाब में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, पीटी सड़क निर्माण मड़कामीरास से हिरोली हेल्थ सेन्टर तक साढ़े 3 किलोमीटर और हिरोली कैंप से टेकापार ▶▶| शेष पेज 2 पर

■ दंतेवाड़ा में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार पर उप मुख्यमंत्री ने की सदन में घोषणा



### पांच लोगों की टीम ने की जांच

विजय शर्मा ने जवाब दिया कि इस सड़क का निर्माण जिला निर्माण समिति के माध्यम से किया गया, इसका विभाग से कोई लेना-देना नहीं था। जिला निर्माण समिति अपने हिसाब से जिला स्तर पर विभाग का चयन कर लेती है। जिला निर्माण समिति ने पीएमजेएसवाई का चयन किया, इसमें शिकायत मिली जिसके बाद जांच की गई। जांच में एसडीएम और पांच लोगों की टीम बनाई गई। निर्णय लिया गया कि ठेकेदार पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा इससे जुड़े जो अधिकारी थे, उन पर भी जांच होनी चाहिए।

### 4 अधिकारी सस्पेंड, रिटायर्ड ईई के खिलाफ भी होगी जांच

गृहमंत्री ने कहा, जांच रिपोर्ट में इस बात का खुलासा भी हुआ कि 2 करोड़ 1 लाख रुपये ठेकेदार से वसूली के लिए 3 जून 2024 को कहा गया। विधायक ने बीच में टोका और कहा कि भुगतान जब ज्यादा नहीं हुआ, तो जांच समिति किस बात का पैसा वसूल रही है। उन्होंने गृहमंत्री पर भ्रष्टाचार को छिपाने का आरोप लगाया, इसके बाद काफी देर तक सदन में हंगामा हुआ। श्री शर्मा ने कहा, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता अनिल राठौर थे, जो रिटायर हो चुके हैं, ▶▶| शेष पेज 2 पर

## रायपुर से अंबिकापुर-बिलासपुर के लिए पहली फ्लाइट में 17 यात्रियों ने भरी उड़ान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से अंबिकापुर-बिलासपुर को जोड़ने वाली विमान सेवा की गुरुवार से शुरुआत हो गई। 19 सीटर विमान ने 17 यात्रियों के साथ पहली उड़ान भरी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तीन प्रमुख शहरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने वाली यह बड़ी सौगात दी। उन्होंने आज केन्द्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत नई विमान सेवा का स्वामी विवेकानंद विमानतल के शुभारंभ किया। इस नई विमान सेवा से रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर शहर जुड़ेंगे।

■ छत्तीसगढ़ के शहर हवाई सेवा से जुड़े, चिंतामणि महाराज बने पहले यात्री

### सप्ताह में तीन दिन उड़ान

रीजनल कनेक्टिविटी योजना (उड़ान) के तहत यह विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित होगी। यह विमान सेवा फ्लाई बिग कंपनी द्वारा संचालित की जा रही है। इस एयरक्राफ्ट का नाम ट्विन ओट्र है, जिसकी ▶▶| शेष पेज 2 पर

### शुरुआती किराया 999 रुपए

नई विमान सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्री कहीं से भी www.flybig.in ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। इस सेवा का शुरुआती किराया मात्र 999 रुपये रखा गया है।

### साय बोले- गौरवपूर्ण क्षण

मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ वासियों को नई विमान सेवा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विशेष कर सरगुजा संभाग के गौरवपूर्ण क्षण हैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मै धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में ऐसी विमानन सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से उद्योग और व्यापार में तेजी आने के साथ-साथ निवेश को भी बढ़ावा ▶▶| शेष पेज 2 पर

रैकेट को तोड़ने पुलिस के साथ डीआरआई की मदद

## नाखून के लिए पांच साल में 20 भालुओं को मार डाला


वन्यजीवों की खाल, नाखून, दांत का कारोबार करने वाले तस्करों के तार इंटर स्टेट रैकेट से जुड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भालू के नाखून, दांत के साथ गिरफ्तार प्रकाश नेताम के बारे में वन विभाग के अफसरों को कई सनसनीखेज जानकारी मिली है। प्रकाश द्वारा अब तक 20 से ज्यादा भालुओं का शिकार कर उनके नाखून, दांत की तस्करी कर बेचे जाने की आशंका है। वह पांच साल से तस्करी कर रहा था। तस्कर से जब्त नाखून तथा दांत का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा, जिससे पता चल पाएगा कि जब्त नाखून तथा दांत कितने ▶▶| शेष पेज 2 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### पांच साल पूर्व शिकार करते ट्रैक हुआ था

वन अफसर के अनुसार प्रकाश पांच वर्ष पूर्व भी जंगली सुअर का शिकार करते ट्रेस किया जा चुका है। ट्रेस होने की भनक लगते ही प्रकाश जंगली सुअर का मांस छोड़ मौके से फरार हो गया था। वन अफसरों को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक प्रकाश उदंती-सीतानदी के अलावा धमतरी, कांकेर तथा अन्य भालू बहुल इलाके में सक्रिय होकर भालुओं के साथ अन्य वन्यजीवों का शिकार करता था।

### सीधी बात - वरुण जैन

▶▶| *भालू के नाखून, दांत मामले में रैकेट के बारे में क्या जानकारी मिल पाई है?*

▶▶| प्रकाश के इंटर स्टेट गिरोह से जुड़े होने की जानकारी मिली है, इसके लिए पुलिस के साथ केंद्रीय एजेंसी की मदद से जल्द ही छापे की कार्रवाई की जाएगी।

▶▶| *इंटर स्टेट गिरोह किन राज्यों तक फैला है?*

▶▶| शिकारी तथा वन्यजीवों के अंगों तथा खाल की तस्करी करने वाले इंटर स्टेट गिरोह ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड तक फैला हुआ है। इसीलिए तस्करी गिरोह के रैकेट को तोड़ने केंद्रीय जांच एजेंसी डीआरआई की मदद ली जाएगी।

▶▶| *तस्करी गिरोह में कितने लोग शामिल हो सकते हैं, मास्टर माइंड के बारे में कुछ जानकारी मिल पाई है क्या?*

▶▶| वन्यजीवों के अंगों तथा खाल की तस्करी करने एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। मास्टर माइंड के बारे में इनपुट मिले हैं, रैकेट को लेकर आने वाले दिनों में जल्द ही रिजल्ट सामने आएंगे।

## दलहन, तिलहन-गेहूं पर मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में पूर्णतः छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दलहन, तिलहन तथा गेहूं पर मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में 13 मार्च से 31 मार्च 2026 तक पूर्णतः छूट प्रदान की है। राज्य सरकार इस निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों और दाल मिल, तिलहन मिल तथा फ्लोर मिलों के संचालकों तथा व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स ▶▶| शेष पेज 2 पर

■ मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अधिसूचना जारी



### व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा- परवानी

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एसोशिएसन के अध्यक्ष अमर परवानी ने इस निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह निर्णय प्रदेश के व्यापारिक और कृषि क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। यह छूट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी और व्यापारियों किसानों के हितों की रक्षा करेगी। मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में छूट होने से व्यापारी पड़ोसी राज्यों से भी प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर व्यापार कर सकेंगे। इससे प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगाऔर किसानों को भी उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा।

कुलगाम मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी

## सेब के बगीचे से भाग रहे थे आतंकी कमांडर समेत पांच मार गिराए

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के एक स्वयंभू शीर्ष कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ फारूक सहित संगठन के पांच आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के दो जवान घायल हुए हैं। संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बीती रात जिले के



बेहिबाग इलाके के कद्देर गांव में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। जैसे ही आतंकवादियों को सुरक्षा बलों की गतिविधि की भनक लगी, उन्होंने एक सेब के बगीचे से भागने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने पहले ही बाहरी इलाके की घेराबंदी कर ली थी।

### आतंकियों की हुई पहचान

मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के एक स्वयंभू शीर्ष कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ फारूक मारा गया। मारे गए अन्य आतंकवादियों की पहचान इरफान लोन, आदिल हुसैन, मुश्ताक इटू और यासिर जावेद के रूप में हुई है। ये सभी स्थानीय निवासी थे। इलाके में तलाश अभियान जारी है।

अश्विन के घर पहुंचने पर छलका पिता का दर्द, दिया चौंकाने वाला बयान

## संन्यास के लिए अश्विन को किया जा रहा था अपमानित

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय टीम के महान स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने गुरुवार को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उनके अचानक लिए गए इस फैसले से सभी को हैरान कर दिया। इस बीच, 38 वर्षीय स्पिनर के पिता ने चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। रविचंद्रन ने इशारों-इशारों में बताया कि शानदार रिकॉर्ड के बावजूद प्लेइंग इलेवन में नियमित जगह नहीं मिलने उनके लिए अपमानजनक रहा ▶▶| शेष पेज 2 पर

खास खबर

### कटघरे में टीम मैनेजमेंट

अश्विन के पिता रविचंद्रन के इस बयान ने भारतीय टीम मैनेजमेंट को कटघरे में खड़ा कर दिया है। दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अचानक संन्यास लेकर सभी को हैरान कर दिया। प्रशंसकों की तरह उनके पिता को भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि वह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों को पीछे छोड़ देंगे।



### कब तक बर्दाश्त करता

रविचंद्रन ने आगे कहा- निश्चित रूप से, इसमें कोई संदेह नहीं है (परिवार के लिए भावुक होना), क्योंकि वह 14-15 साल तक मैदान पर था। अचानक हुए बदलाव - रिटायरमेंट - ने हमें वाकई चौंका दिया। साथ ही, हम इसकी उम्मीद भी कर रहे थे क्योंकि अपमान हो रहा था। वह कब तक उन सभी चीजों को बर्दाश्त कर सकता है? शायद, उसने खुद ही फैसला किया होगा।

**खुश था और नहीं भी :** अश्विन के पिता रविचंद्रन ने एक खास इंटरव्यू में बेटे के संन्यास पर खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें भी आखिरी समय में ही बेटे के संन्यास के विषय में पता चला। उन्होंने कहा- मुझे भी आखिरी मिनट में पता चला। उनके दिमाग में क्या चल रहा था, मुझे नहीं पता। उन्होंने बस घोषणा कर दी। मैंने भी इसे पूरी खुशी के साथ स्वीकार कर लिया। लेकिन जिस तरह से उन्होंने संन्यास की घोषणा की, उससे एक तरफ मैं बहुत खुश था, दूसरी तरफ खुश नहीं था क्योंकि उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए था।

### कोहली की पत्रकार से जमकर हुई नोक-झोंक

विराट कोहली की मेलबर्न पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई महिला टीवी पत्रकार के साथ बहस हो गई। विराट अपने परिवार की तस्वीर लेने के मामले को लेकर महिला पत्रकार से भिड़ गए। विराट अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बच्चों वामिका कोहली और अकाय कोहली के साथ मेलबर्न एयरपोर्ट पर लैंड हुए थे। तभी ऑस्ट्रेलियाई चैनल 'चैनल 7' की पत्रकार ने उनका वीडियो बनाया, जिस पर विराट भड़क उठे।

## जैकेट के शेष

### जनता कांग्रेस सुप्रीमो ....

▶▶ ▶▶ उनका आजीवन सम्मान करूंगी और जीवनभर कृतज्ञ रहूंगी। उन्हें जीवन भर नहीं भूल सकती। इसी कृतज्ञता के लिए हमने घर वापसी का प्रयास किया है। हर पार्टी का एक प्रोटोकाल होता है। पीसीसी अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के माध्यम से ऊपर पहुंचना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष के माध्यम से हमने अनुरोध किया है। उनसे मैंने कोई संपर्क नहीं किया। मेरा नाम जोगी है, मैं केवल मांग सकती हूं। वो मेरी इच्छा का सम्मान करेंगी, ऐसी आशा है कि हमें और हमारे कार्यकर्ताओं को वापस कांग्रेस में प्रवेश मिलेगा।

▶▶ आपने गांधी परिवार से मुलाकात करने का मन बनाया है क्या?

▶▶ ▶▶ आप कहती हैं, तो दिल्ली जाकर मिलने का प्रयास जरूर करूंगी। प्रोटोकाल के तहत मैंने प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के माध्यम से कोशिश की है।

▶▶ भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव की भूमिका आपकी पार्टी के संबंध में रही, उससे मिलने का इरादा है क्या?

▶▶ ▶▶ सिंहदेव जी से मुलाकात की थी, उनके परिवार में शोक का कार्यक्रम था, तब मैं और अमित दोनों मिलने गए थे। भूपेश बघेल के पिता के निधन के समय भी उनसे मिलकर संवेदना व्यक्त करने गई थी। सिंहदेव से भी अनुरोध किया था कि वापस कांग्रेस में एक परिवार की तरह मिलने की इच्छा जताई थी।

▶▶ जोगी को कांग्रेस से बाहर करने में भूपेश बघेल का बड़ा हाथ रहा, उनसे भी मुलाकात करेंगी।

▶▶ ▶▶ भूपेश बघेल का मैं बहुत सम्मान करती हूं। जब वे मुख्यमंत्री थे, तब विधायक थी, उनसे कई बार भेंट भी हुई, कई मांगें भी रखी, उसे उन्होंने पूरा किया। उनके मन में भी मेरे प्रति वहीं भाव होगा। उनके परिवार में जब उनकी माता जी नहीं रही थीं तब मैं और जोगी उनके घर गए थे। जोगी की पुण्यतिथि में उन्हें अतिथि के रूप में में बुलाया था, किसी कारणवश नहीं आ पाए थे। उनसे हमारी मुलाकात सौहार्द पूर्ण वातावरण में रही।

▶▶ विधानसभा चुनाव में अमित ने पाटन में ही उन्हें ललकार दिया था, भूपेश भूले नहीं होंगे। उनसे मुलाकात करने की योजना है क्या?

▶▶ ▶▶ अब ये कारण नहीं बता सकती कि अमित ने यह कदम क्यों उठाया, क्योंकि मैं उस समय अपने चुनाव में व्यस्त थी। उनका यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण था। उसके बाद रिजल्ट आ गए। कुछ दिन बाद उनके पिता का देहांत हुआ, तक उनसे मिलने गई थी। बहुत सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई। अब जब पार्टी प्रवेश के लिए आवेदन दिया है, तो उनसे भी मुलाकात करने का प्रयास करेंगे। वैसे भी मुख्यमंत्री निवास के सामने हम रहते हैं, वहीं पास में भूपेश का भी निवास है। मिलने का प्रयास करेंगे।

▶▶ किस उम्मीद के साथ राजनीति में रहना चाहती हैं।

▶▶ ▶▶ मेरी सभी महत्वाकांक्षाएं जाने अंजाने में पूरी हो चुकी हैं। मेरे पार्टी के सदस्यों की इच्छा का सम्मान करते हुए कांग्रेस में आना चाहती हूं। मेरा डीएनए कांग्रेस का है, पार्टी की रीति नीति का हमेशा पालन किया है। अमित जोगी से यही उम्मीद है कि आगे वे अपने पिता समान कार्य करें और नई ऊंचाईयों को पार्टी के साथ हासिल करे।

### राहुल के धक्के ...

भाजपा सदस्यों ने संसद परिसर में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाद्रा समेत कई महिला सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की, जो भाजपा की तानाशाही को दिखाता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया, राहुल गांधी मारपीट करने के लिए बीच में घुसे थे। उनका व्यवहार मानो गुंडे का व्यवहार था, यह देश गुंडे को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने हमारे एक बुजुर्ग सांसद को धक्का देकर गिरा दिया। राहुल गांधी ने संसद परिसर में कहा, मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। राहुल गांधी ने दावा किया कि खरगे और प्रियंका गांधी के साथ भी धक्का-मुक्की की गई, लेकिन इससे विपक्ष को फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस नेता ने कहा, यह संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है।

**नड्डा बोले-पारित हो निंदा प्रस्ताव** : राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने मांग की कि उच्च सदन में एक प्रस्ताव पारित कर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के इस आचरण की 'एक स्वर' में निंदा की जानी चाहिए। उनड्डा ने कहा कि जिस प्रकार से संसद में संविधान पर चर्चा हुई उससे कांग्रेस पार्टी पूरी तरह बेनकाब हो गयी है।

**महिला सांसद ने भी आरोप** : नगालैंड की भाजपा सांसद फांगनोन कोन्याक ने कहा कि मैं राज्यसभा के चेयरमैन से मिल चुकी हूं। मैं अपनी सुरक्षा की मांग करती हूं। मेरा दिल अभी बहुत भारी है। आज में बाहर शांतिपूर्ण ढंग से प्रोटेस्ट कर रही थी। राहुल गांधी बहुत करीब आकर खड़े हो गए। मैं असहज हो गई थी। राहुल गांधी मेरे ऊपर चिल्लाने लगे। यह उनको शोभा नहीं देता कि एक महिला पर वो ऐसे चिल्लाएं। मैं बहुत दुखी हूं। मैं सुरक्षा चाहती हूं।

### छत्तीसगढ़ के सांसद संतोष ....

थे। उनको ऐसा करते हुए देखकर हम लोगों ने रास्ता भी दिया, लेकिन कांग्रेसी नेता भाजपा के सांसदों को क्या, महिला क्या पुरुष सबको धक्का मारते हुए जा रहे थे। मैं उनके धक्के से दो नंबर सीढ़ी पर गिरा और बाद में जमीन पर हाथ लगाकर उठने में सफल रहा। कांग्रेस का यह कृत्य बहुत ही निंदनीय और अशोभनीय है।

### पीयूष-शिवराज बोले-नेता ...

भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज संसद परिसर में अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार किया गया, जिसकी सभ्य समाज कल्पना भी नहीं कर सकता। आज जब भाजपा के सांसद मकर द्वार पर विरोध प्रकट कर रहे थे, तब राहुल आए। सुरक्षाकर्मियों ने उनसे कहा कि बगल में जो जगह है, आप जाने के लिए उसका उपयोग करें। लेकिन जानबूझकर, सोच समझकर राहुल गांधी हमारे सांसदों के बीच पहुंच गए और न केवल बीच में पहुंचे बल्कि धक्कामुक्की और गुंडागर्दी की। उन्होंने कहा, ऐसा व्यक्ति नेता प्रतिपक्ष के पद पर रहने के लायक नहीं है। चौहान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के व्यवहार के कारण 'हमारे बुजुर्ग, गरीब और शालीन' सांसद प्रताप सारंगी गिर गए और गिरने के कारण उनके माथे पर गंभीर चोट लगी है। उन्होंने कहा, वो पहले आईसीयू में भर्ती रहे और उनका इलाज अभी जारी है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह दूसरे घायल भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को जब देखने अस्पताल गए तो उस समय तक वह होश में नहीं आए थे। उन्होंने सवाल किया, ''क्या संसद में ऐसे दृश्य देखे जाएंगे, क्या तर्कों का सहारा लेने की बजाय शारीरिक ताकत का प्रयोग किया जाएगा? चौहान ने कहा कि भाजपा की आदिवासी सांसद फान्गनॉन कोन्याक ने जो कुछ कहा है, वह व्यथित करने वाला है।

### नक्सल फंडिंग पर ....

करने वालों की तलाश में एनआईए ने छापेमारी कार्रवाई की थी। टीम भैरमगढ़ ब्लाक के बेचापाल में मूलवासी बचाओ मंच के अध्यक्ष आशू मड़कामी के घर पर भी छापा मारा। तड़के पहुंची टीम को घर पर न तो आशु मड़कामी मिला और न ही कोई संदिग्ध सामान हाथ लगा है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी के छापेमारी अभियान का उद्देश्य नक्सल गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान करना और उन्हें कानून के दायरे में लाना है। इससे पूर्व एनआईए की टीम ने पालनार इलाके में दबिश देकर नक्सल सामग्री जब्त की थी और एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया था।

**नक्सल फंडिग के खिलाफ सख्त कदम** : एनआईए की इस कार्रवाई को नक्सल फंडिंग और नक्सल संगठन के खिलाफ सख्त कदम माना जा रहा है।

### छापेमारी के बाद ...

लगाने और उनके नेटवर्क को कमजोर करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

**एयरपोर्ट पर उतरते वक्त बिल्डिंग से टकराया; कैमरे में कैद मंजर**

# अर्जेंटीना में रनवे से आगे दौड़ गया प्लेन, घरों पर क्रैश, दो की मौत

एजेंसी ▶▶ ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के सैन फर्नांडो एयरपोर्ट के पास बॉम्बार्डियर चैलेंजर 300 विमान क्रैश हो गया, जिसमें पायलट और को-पायलट की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के मुताबिक, अमेरिका के हवाई में होनोलुलु एयरपोर्ट के पास एक औद्योगिक क्षेत्र में सेसना 208 यात्री विमान नियंत्रण खो बैठा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि ट्रेनी उड़ान पर निकला विमान तेजी से ऊंचाई खोता हुआ एक खाली इमारत से टकरा गया। इस दुर्घटना में 22 साल के ट्रेनी पायलट हीराम डेफ्रीज और एक यात्री प्रेस्टन कालूहिवा की मौत हो गई। हादसे के बाद विमान में आग लग गई, जिससे आसमान में धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया।



**आपातकालीन प्रबंधन टीम मौके पर पहुंची**

होनोलुलु अग्निशमन विभाग, पुलिस और आपातकालीन प्रबंधन टीम तुरंत मौके पर पहुंची। राहत कार्य तेजी से शुरू किया गया और आग पर काबू पाया गया। हादसे में किसी और के हताहत होने की खबर नहीं है। हवाई के परिवहन विभाग ने कहा है कि इस हादसे की जांच के लिए संघीय अधिकारियों को सभी आवश्यक सहायता दी जा रही है। घटना के कारणों का पता लगाने में कुछ समय लग सकता है। प्रशासन ने लोगों से कहा है कि जो लोग हादसे के गवाह बने हैं, वे मानसिक सहायता के लिए अलोहा यूनाइटेड वे हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकते हैं। इस त्रासदी ने स्थानीय समुदाय को झकझोर दिया है।

**हादसे से पहले का ऑडियो**

दुर्घटना से पहले पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के बीच हुई बातचीत का ऑडियो भी सामने आया है। पायलट ने कहा, 'हम नियंत्रण से बाहर हो गए हैं।' इस पर एटीसी ने जवाब दिया, अगर आप इसे समतल कर सकते हैं या किसी भी रनवे पर उतर सकते हैं, तो करें।' लेकिन कुछ ही सेकंड बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय से बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय से बातचीत की। इसमें उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक भागीदारी को मजबूती प्रदान की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। जो कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की आधारशिला है। बातचीत के दौरान दोनों शीर्ष नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने के अपने साझा लक्ष्य पर भी जोर दिया। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक संबंधों को भी वार्ता के दौरान याद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज राजा चार्ल्स तृतीय से बात करके बेहद खुशी हुई। जिसमें भारत और ब्रिटेन संबंधों को मजबूती प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा राष्ट्रमंडल, जलवायु कार्रवाई, स्थिरता और साझा हितों से जुड़े हुए मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। पीएम मोदी ने किंग चार्ल्स तृतीय के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। इसके अलावा दोनों ने क्रिसमस और नववर्ष के आगामी अवसरों पर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया।



## बिजली चोरी : संभल सांसद पर 1 करोड़ 91 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क पर बिजली विभाग ने 1 करोड़ 91 लाख का जुर्माना लगाया हैं। सांसद बर्क पर बिजली चोरी का आरोप है, बिजली विभाग ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। इतना ही नहीं, सपा सांसद बर्क के घर की बिजली भी आज काट दी गई है। सांसद के घर में जीरो मीटर रीडिंग के बाद प्रशासन एक्शन में है। बिजली विभाग की तरफ से उन्हें नोटिस भेजा जाएगा, नोटिस पर रकम जमा नहीं करने पर विभाग की तरफ से आरसी जारी की जाएगी। इस बात की पुष्टि एसडीओ संतोष त्रिपाठी ने की है। संभल में गुरुवार की सुबह बिजली विभाग की टीम भारी पुलिस फोर्स के साथ सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के घर पर पहुंची थी और जांच पड़ताल की। ये कार्रवाई बिजली चेकिंग और नए स्मार्ट मीटर की रीडिंग जांचने के लिए की गई. सांसद के घर में लगे 2 बिजली के मीटरों में टेम्परिंग के सबूत मिले हैं।

### सांसद बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज

बिजली विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त उपभोक्ता के मीटर की जांच करने पर यह स्पष्ट है कि मीटर को बायपास करके और अवैध रूप से बिजली का उपयोग करके बिजली चोरी की गई है, सांसद बर्क पर विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 (बिजली की चोरी या बिजली का अनधिकृत उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**ताइपे। मध्य ताइवान में एक निर्माणाधीन इमारत में बृहस्पतिवार को भीषण आग लग जाने से नौ लोगों की मौत हो गई। समाचारों के माध्यम से यह जानकारी मिली।



## पेज एक के शेष

### डीएलएड अभ्यर्थियों को...

पढ़ाई प्रभावित होगी। इस तर्क का न्यायालय ने नामंजूर करते हुए दो सप्ताह का समय दिया था। इसके पश्चात शासन द्वारा योग्य डीएलएड अभ्यर्थियों की सूची पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया। ये सूची भी जल्द ही जारी कर दी जाएगी। प्रावीण्य सूची जारी होने के बाद डीएलएड अभ्यर्थियों को इस सत्र के अंत तक नियुक्ति मिलने की संभावना है।

### मेयर और पालिकाध्यक्ष अब...

हम निर्वाचित सभा का कार्यकाल नहीं बढ़ा रहे हैं। इसके जवाब में श्री साव ने कहा कि ये राज्य का विषय है, इसलिए विधेयक पर सुनवाई का अधिकार विधानसभा को है। उन्होंने ये भी कहा कि जहां चुनाव नहीं हुए, वहां प्रशासक की नियुक्ति पिछली सरकार ने भी की थी। कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा इस मामले में एमपी और महाराष्ट्र के संदर्भ में भी सुप्रीम कोर्ट का निर्देश आ चुका है। झारखंड के एक निर्णय में भी कहा गया है कि प्रशासक तय नहीं करेगा कि चुनाव कब हो। इसलिए यह विधेयक यहां पेश ही नहीं हो सकता। आसंदी से अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद कहा कि विधेयक पर विचार और पारण के लिए कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद विपक्ष ने बहिर्गमन कर दिया।

### मेयर व अध्यक्ष...

में महापौर एवं नगर पालिका अध्यक्ष को वापस बुलाने (राइट टू रिकॉल) का प्रावधान किया गया है। मेयर को वापस बुलाने के लिए निर्वाचित पार्षदों की कुल संख्या के कम से कम तीन चौथाई पार्षदों द्वारा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर न कर दिए जाएं और उसे संभागीय आयुक्त को प्रस्तुत न किया जाए। लेकिन यह उस स्थिति में होगा जब मेयर का कार्यकाल दो साल का हो जाएगा। यह प्रावधान नगर पालिक निगम के संशोधन विधेयक में कही गई है। इसी प्रकार नगर पालिका संशोधन विधेयक में बताया गया है कि पालिका के चुने हुए अध्यक्ष को वापस बुलाने के लिए कौन सी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें भी यही प्रावधान है कि निर्वाचित पार्षदों में से कम से कम तीन चौथाई पार्षदों द्वारा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर हों और उसे कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा।

### सड़क निर्माण घोटाला, चार...

तक साढ़े 3 किलोमीटर तक सड़क बनाई जा रही है। 2 करोड़ 18 लाख की पहली सड़क और 2 करोड़ 18 लाख 71 हजार की दूसरी सड़क बनाई गई। काम पूरा हो चुका है, इनका भुगतान पहले कार्य में 1 करोड़ 81 लाख 94 हजार और दूसरे काम में 1 करोड़ 73 लाख 88 हजार का भुगतान किया गया।

### 4 अधिकारी सस्पेंड, रिटायर्ड...

उनके खिलाफ जांच की जाएगी। दामोदार सिंह सिदार तत्कालीन कार्यपालन अभियंता थे, उन्हें निलंबित किया जाएगा। विभागीय जांच भी की जाएगी। तारकेश्वर दीवान एसडीओ को निलंबित कर विभागीय जांच की जाएगी। आरवी पटेल सहायक अभियंता को निलंबित कर विभागीय जांच की जाएगी। एक उपअभियंता का निधन हो गया। रविकांत सारथी उप अभियंता को निलंबित किया जा चुका है। ठेकेदार के खिलाफ वसूली जांच और एफआईआर का आदेश किया गया। ब्लैक लिस्टेड किया गया है। जिलास्तर पर काम को खत्म किया जा चुका है।

### सप्ताह में तीन...

क्षमता 19 सीटर है जिसमें आज 17 यात्री सवार हुए। यह सेवा भारत सरकार के उड़ान योजना के तहत शुरू की गई है। श्री चिंतामणि महाराज इस विमान के पहले यात्री बने। शुभारंभ अवसर पर विमान के रनवे पर पहुंचने पर वाटर कैनन से विमान को सैल्यूट दिया गया।

### साय बोले- गौरवपूर्ण...

मिलेगा। इस सुविधा से राज्य में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश भी बढेगा। उन्होंने सांसद चिंतामणि महाराज को सपत्नीक बोर्डिंग पास देकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक श्राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज, रामकुमार टोप्पो, मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजु, संचालक विमानन विभाग संजीव झा, फ्लाई बिग कंपनी के सीएमडी संजय मांडविया उपस्थित थे।

### दलहन, तिलहन और ....

एंड इंडस्ट्रीज ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के दाल मिल, तिलहन मिल तथा फ्लोर मिलों के संचालकों एवं व्यापारियों द्वारा प्रदेश के बाहर से प्रसंस्करण-विनिर्माण के लिए लाए गए दलहन, तिलहन एवं गेहूं पर मंडी शुल्क में छूट दिए जाने हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आग्रह किया था। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर अधिसूचना जारी कर 13 मार्च से 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ की सभी मंडियों में इन शुल्कों में पूर्ण छूट प्रदान की गई है।

### नाखून के लिए ....

भालुओं के हैं। हाथी शावक अगहन की पोटाश बम की चपेट में आने से मौत की घटना को वन विभाग ने गंभीरता से लेते हुए मामले की पड़ताल करते हुए नगरी निवासी प्रकाश नेताम को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार प्रकाश के कब्जे से वन अफसरों ने 55 पोटाश बम के साथ भालुओं के नाखून तथा दांत की जब्ती करने के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीवों की खाल जब्त की थी। वन अफसरों को प्रारंभिक पड़ताल में ही प्रकाश के इंटर स्टेट गिरोह से जुड़े होने की जानकारी वन अफसरों को मिल गई थी। प्रकाश के बारे में वन अफसरों को जो जानकारी मिली है, वह काफी चौंकाने वाली है। उदंती-टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक वन्यजीवों की तस्करी करने वाले रैकेट से प्रकाश का काफी गहरा संबंध है। प्रकाश जिन इंटर स्टेट तस्करी नेटवर्क से जुड़ा है। उस नेटवर्क को तोड़ने पुलिस के साथ डीआरआई के साथ वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की मदद ली जा रही है। **चरवाहा, लकड़हारा के रूप में निगरानी दल** : वन्यजीवों का शिकार करने वाले लोग इतने शातिर होते हैं कि शिकार करने के बाद वो पकड़े न जाएं, इसके लिए जंगल में उनकी निगरानी टीम सक्रिय रहती है।

### संन्यास के लिए...

होगा। उन्होंने कहा, उनकी इच्छा और चाहत है, मैं इसमें दखल नहीं दे सकता। लेकिन जिस तरह से उन्होंने यह फैसला लिया, उसके कई कारण हो सकते हैं। केवल अश्विन ही जानते हैं, शायद अपमान के कारण ऐसा हुआ हो।

## नए साल में जनवरी में होगा परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन नए साल में जनवरी 2025 में किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों के मन में परीक्षा के दौरान उठने वाले तनाव और दवाब को कम करना है।

पीएम मोदी हर साल इस महत्वपूर्ण आयोजन के जरिए छात्रों को परीक्षा के समय पर तनावमुक्त रहने के जरूरी टिप्स देते हैं। मंत्रालय ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा का पिछला सातवां संस्करण राजधानी दिल्ली के भारत मंडप में टाउन हाल फॉर्मेट में हुआ था। जिसमें 2.6 करोड़ छात्रों, 14.93 लाख शिक्षकों और 5.69 लाख अभिभावकों ने भाग लिया था।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


// आम सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकारगण सुधीर कुमार जैन, पिता स्व. सतीशचंद जैन तथा अभिनव जैन पिता सुनील कुमार जैन, दोनों निवासी सेक्टर 1, शंकर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने श्रीमती सुमन परगनिहा पति स्व. शिव कुमार परगनिहा एवं प्रियंका परगनिहा पिता स्व. शिव कुमार परगनिहा, द्वारा आम मुख्त्यार श्रीमती सुमन परगनिहा निवासी विला नंबर 225, सफायर ग्रीन्स, विधानसभा रोड, आमासिवनी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नंबर 85 रकबा 1.3100 हे. जो वाके मौजा ग्राम गबदा, प.ह.नं. 00009, रा.नि.मं. भिंभोरी, तहसील भिंभोरी, जिला बेमेतरा में स्थित है को खरीदने का पक्का सौदा किया जाकर इकरारनामा दिनांक 16/12/2024 निष्पादित किया गया है तथा उक्त सौदे के पेटे हमारे पक्षकार के द्वारा रूपये 15,00,000/- चेक एवं आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से बतौर बयाना विक्रेतागण को अदा किया गया है तथा सौदा तय कर लिया गया है ।

यह कि उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व, माल्कीयत, कब्जे के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों, बैंक, वित्तीय निकाय आदि को किसी भी प्रकार का ऊजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज लिखित में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें अन्यथा हमारे पक्षकार के द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर एवं उसके वारिसानों पर बंधनकारी नहीं होगी। एतद् द्वारा सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 19/12/2024

अभिनव अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल
आदित्य वर्मा, अमन वर्मा (अधिवक्तागण)
नृसिंह कृपा, 19 वल्लभ नगर, सांई मंदिर के पास, टैगोर नगर, रायपुर छ.ग.
मो.नं. 9425517589, 9993506333

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -09, तहसील व जिला रायपुर

// आम सूचना //

जारी दिनांक 19/12/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती विनिता पति श्री सतबीर सिंह छाबड़ा निवासी एश्वर्या किंगडम, कचना, रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम-जोरा, प.ह.नं.-66, रा.नि.मं.- रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 10/389 रकबा 0.0772 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त/नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 23/10/2024 के परिपालन में दिनांक 26/12/2024 को समय 12:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 66 के ग्राम जोरा स्थित पटवारी कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें है। इसके उपरांत किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर -09

न्यायालय तहसीलदार कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. .../बी. 121/सन् 20....
साकिन मांझा पारा प.ह.नं. नजूल

:: उद्घोषणा ::

एतद् द्वारा आम जनता सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका करण आहुजा पिता /पति नानक राम आहुजा जाति सिन्धी निवासी ग्राम मांझा पारा कांकेर तहसील कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर के द्वारा उनके दादी कला आहुजा पिता स्व. ज्ञानचंद आहुजा जाति सिन्धी ग्राम मांझा पारा का जन्म/मृत्यु दिनांक 28.10.2019 पंजीयन कराने बाबत् शपथ पत्र जच्चा बच्चा, स्कूल प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत के अनुलब्धता के साथ आवेदक ....... आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 02.01.2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मोहर साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं नानक राम आहूजा (NANAK RAM AHUJA) उम्र- 58 वर्ष, पिता-ज्ञानचंद आहूजा (GYANCHAND AHUJA), पता- म.नं.- 57, वार्ड नं.-11, मांझापारा कांकेर, तहसील-कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर छ.ग. की ओर से निम्न कथन करता/करती हूँ :-

**मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि :-**

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम नानक आहूजा (NANAK AHUJA) एवं नानक राम (NANAK RAM) पिता-ज्ञानचंद आहूजा (GYANCHAND AHUJA) के नाम से जाना जाता था।
3. यह कि अब मुझे नानक राम आहूजा (NANAK RAM AHUJA), पिता-ज्ञानचंद आहूजा (GYANCHAND AHUJA) के नाम से जाना एवं पहचाना तथा लिखा जावे। जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है।
4. यह कि उक्ताशय यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता


सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त कंडिका 01 से 04 में लिखी गई समस्त बातें मेरे निजी जानकारी में सत्य एवं सही है। आज दिनांक- 19/12/2024 को स्थान कांकेर में पढ़ व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

स्थान :- कांकेर
दिनांक:-19/12/2024

नानक राम
शपथकर्ता



## शब्द पहेली - 5721



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 5720 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5732

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5731 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |



# जेल तो सर्कस है... 'ब्लैक वारंट' का टीजर जारी...

**मुंबई।** विक्रमादित्य मोटवानी की सीरीज 'ब्लैक वारंट'की टीजर जारी हो चुका है। टीजर में अभिनेता जहान कपूर मुख्य किरदार के तौर पर दमदार भूमिका अदा करते हुए नजर आ रहे हैं।'सेक्रेड गेम्स' बनाने वाले विक्रमादित्य मोटवानी एक कमाल की सीरीज लेकर दर्शकों के बीच फिर हाजिर होने वाले हैं। इस सीरीज का नाम है 'ब्लैक वारंट।' गुरुवार को इसका टीजर रिलीज किया गया। इस सीरीज में जहान कपूर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। टीजर के साथ इसके रिलीज डेट का भी निर्माताओं ने खुलासा किया है। जेल पर आधारित यह सीरीज सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

लाइफ Style

# माही

## बोल्ड किरदारों से बनाई सिनेमा में पहचान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड फिल्मों में अपने बोल्ड किरदारों के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री माही गिल का जन्म 19 दिसंबर 1975 को चंडीगढ़ में हुआ था। माही ने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक किरदार निभाए हैं। इंडस्ट्री में उन्होंने अपनी पहचान अपने अलग तरह के किरदारों से ही पाई है।

फिल्म 'देव डी'से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वाली अभिनेत्री के इस फिल्म में कास्ट होने की कहानी भी काफी दिलचस्प है। माही अपने फिल्मी करियर के साथ पर्सनल जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रही हैं। अभिनेत्री माही गिल को उनका पहला ब्रेक एक बर्थडे पार्टी में मिला। जी हां, दरअसल, माही गिल को अनुराग कश्यप ने एक पार्टी में देखा था। इस पार्टी में माही परफॉर्म करने के लिए गई थीं। वहां पर निर्माता अनुराग कश्यप भी मौजूद थे। अभिनेत्री को देखने के बाद उन्होंने उन्हें 'देव डी' के लिए कास्ट किया था। 'देव डी'में माही ने पारो का किरदार निभाया था। फिल्म में अभिनेत्री की अदाकारी के लिए उनकी काफी सराहना हुई। 'देव डी' के लिए माही को फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक्स कैटेगरी में अवार्ड मिला था। साथ ही वह मोस्ट प्रॉमिसिंग न्यूकमर के खिताब से भी नवाजी गई थीं। अपनी डेब्यू फिल्म से ही शानदार शुरुआत करने के बाद उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिलने लगे। वहीं, फिल्मी दुनिया में माही ने साल 2003 में पंजाबी फिल्म 'हवाएं' से कदम रखा था, जो सुपरहिट थी। अभिनेत्री माही गिल ने हिंदी और पंजाबी फिल्मों के अलावा तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है।



हॉलीवुड मसाला

# एक्शन फिल्मों के लिए हैं फेमस...



**लॉस एंजिल्स।** एक्शन फिल्मों का क्रेज हर वर्ग के दर्शकों को होता है। रोमांस-कॉमेडी से इतर जिन लोगों को एक्शन फिल्मों का शौक होता है कि वह हॉलीवुड का रुख करते हैं। जेक गिलेनहाल अपनी फेमस फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इसमें अक्टूबर स्काई, ब्रोकबैक माउंटेन , प्रिंस ऑफ पर्शिया, लव एंड अदर ड्रग्स, नाईट क्रॉलर, नोक्टर्नल एनिमल्स जैसी बेहतरीन फिल्म में शानदार अभिनय किया हैं । जेक जिलेनहाल की फिल्म 'रोड हाउस' अमेजन की सबसे बड़ी लॉन्च बनी थी। इस फिल्म को 50 मिलियन दर्शकों ने देखा था।




# मुफासा को दिल के करीब रखेंगे महेश बाबू...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता महेश बाबू एनिमेशन की दुनिया में तहलका मचाने को तैयार हैं। अभिनेता ने 'मुफासाः द लॉयन किंग' के तेलुगु डब में प्रतिष्ठित किरदार मुफासा को अपनी आवाज दी है। हाल ही में महेश बाबू ने फिल्म में काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया। बैरी जेनकिंस द्वारा निर्देशित 'मुफासाः द लॉयन किंग' 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म में मुफासा की मूल कहानी को दिखाया गया है। अभिनेता महेश बाबू का मुफासा को अपनी आवाज देना निजी तौर पर अविश्वसनिय और यादगार अनुभव रहा है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए महेश बाबू ने लिखा, 'मुफासा को आवाज देना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा।



# 'भूत बंगला' में हुईं तब्बू की एंट्री...

**नई दिल्ली।** 2026 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से है अक्षय कुमर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला। इस फिल्म में अब अक्षय कुमार के अपोजिट एक खूबसूरत अभिनेत्री की एंट्री हो गई है, जिन्होंने अजय देवगन के साथ कई हिट फिल्में दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार संग तब्बू को जोड़ी नजर आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो तब्बू करीब 13 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन के साथ इस फिल्म में काम करेंगी। इससे पहले दोनों ने साल 2000 में एक साथ फिल्म हेरा फेरी में काम किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हॉरर-कॉमेडी फिल्म में तब्बू महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी। तब्बू को फिल्म में उनका किरदार और स्क्रिप्ट दोनों काफी पसंद आए हैं।



# गोविंदा के बेटे करेंगे बॉलीवुड में डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार है। यशवर्धन एक अनोखी लव स्टोरी में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं। बॉलीवुड स्टार किड्स में से एक हैं गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यशवर्धन जल्द ही बॉलीवुड फिल्मों में अपना करियर शुरू करने वाले हैं। वह निर्देशक साई रंजन की एक शानदार लव स्टोरी से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले हैं। यह फिल्म एक रोमांटिक लव स्टोरी होगी। फिल्मों में बतौर अभिनेता कास्ट होने से पहले गोवांदा के बेटे यशवर्धन कई निर्दशकों को असिस्टेंट कर चुके हैं। यशवर्धन ने निर्माता-निर्देशक साजिद नाडियावाला की फिल्म किक 2, तड़प और फिल्म ढिशुम में बतौर असिस्टेंट डाइरेक्टर काम किया है।

टीवी मसाला




# अमिताभ बच्चन ने याद किए अपने स्ट्रगलिंग डेज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन के सभी दीवाने हैं। उनका अभिनय ऐसा कि किसी को भी अपना दीवाना बना दे। उनकी ज्यादातर फिल्में जब भी आईं, बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर गईं। लेकिन क्या आपको पता है कि बिग बी ने भी बॉलीवुड में संघर्ष किया है और अपने उन्हीं दिनों को उन्होंने केबीसी 16 के मंच पर याद करते हुए एक मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे फिल्म कभी-कभी की शूटिंग के दौरान उन्हें कठनाइयों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने इल फिल्म के दौरान खुद के कपड़े पहने थे। बिग बी ने आगे कहा जब उन्होंने फिल्म 'कभी-कभी' के शूट के दौरान क्रू से कपड़े मांगे तो उन्होंने कहा जो भी आपके घर में है पहन लो। बिग बी ने कहा, 'जो भी कपड़े आपने देखे ना उस फिल्म में वो सब हमारे अपने हैं और एक बात बताए वो लोग बुरा मान जाएंगे अभी तक वो कपड़ा वापस नहीं आया।' यह फिल्म 1976 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के अलाावा शशि कपूर, वहिदा रेहमान, राखी गुलजार, ऋषि कपूर और नीतू सिंह ने अभिनय किया था।

## बिग बॉस के घर में टूट रहे रिश्ते, नॉमिनेशन को लेकर विवियन और शिल्पा के बीच हुई तू तू-मैं मैं

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 18' जैसे-जैसे आगे बढ़ता जा रहा है, शो में असल रिश्तों की पहचान हो रही है। गुरुवार को निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक प्रोमो वीडियो साझा किया, जिसमें विवियन और शिल्पा आमने-सामने नजर आए। दोनों के बीच जमकर बहस हुई। यह तकरार तब हुई जब बिग बॉस के घर में नॉमिनेशन के उलटफेर की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें घर के सदस्यों को नॉमिनेटेड सदस्यों की जगह किसी अन्य सदस्य को घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट करना था। सामने आए प्रोमो में देखा जा सकता है कि नॉमिनेशन टास्क के दौरान विवियन ने यामिनी को सेव करते हुए सारा को नॉमिनेट कर दिया। इस बात से नाराज शिल्पा शिरोडकर को यह कहते हुए सुना गया कि आज आपने यामिनी को सेव किया, इसलिए आप पूरी तरह से कन्फ्यूज हैं। इस पर जवाब देते हुए विवियन ने कहा, 'सारा से समस्या है क्या आपको? जिसके जवाब में शिल्पा ने कहा मुझे समस्या यह है कि आपने 70 दिन की रिलेशनशिप को 20 दिन की रिलेशनशिप से तौला है।'




# दर्शक हैं असली ऑस्कर


**नई दिल्ली।** अभिनेता सोनू सूद ने 'लापता लेडीज' के ऑस्कर की दौड़ से बाहर होने के बाद कहा कि किसी भी फिल्म के लिए असली पुरस्कार दर्शकों का प्यार है। नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात करते हुए, सूद ने कहा, 'असली ऑस्कर वह दर्शक हैं, जो फिल्म पर अपना प्यार बरसाते हैं। जो मायने रखता है वह लोगों के दिलों में जगह बनाना है, पुरस्कार सिर्फ अलमारियों तक ही सीमित रहते हैं।' इस साल सितंबर में, जाह्नु बरुआ के नेतृत्व में फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कई भारतीय भाषाओं की 29 फिल्मों की सूची में से 'लापता लेडीज' का चयन किया, जिसमें पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन इज लाइट' और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता 'आट्टम' शामिल थीं। अभिनेता सोनू सूद अपनी आगामी फिल्म सोनू सूद निर्देशन में कदम रखने वाले हैं। हाल ही में निर्माताओं ने एक्स पर इसका टीजर क्लिप शेयर किया था। हाल ही में सोनू सूद की फिल्म फतेह का दूसरा ट्रैक 'हिटमैन' जारी किया गया है। इस गाने को हनी सिंह ने गाया है। वहीं, कुछ दिनों पहले सोनू सूद ने कहा था कि वह 'फतेह' के कलेक्शन को दान कर देंगे।



# कभी सड़कों पर मांगती थी भीख, मनोज कुमार ने देखते ही ऑफर कर दी फिल्म...

**नई दिल्ली।** मनोज कुमार ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। उनका उम्दा एक्टिंग के लोग मुरीद हो जाया करते थे। साल 1964 में वह एक सुपरहिट फिल्म में नजर आए थे। उनकी इस फिल्म मे एक असली भिखारिन ने काम किया था। रातोंरात सड़क पर खड़ी उस भिखारिन को सुपरहिट फिल्म में काम करने का चांस मिल गया था। ये फिल्म मनोज कुमार के करियर की बड़ी फिल्मों में से एक है। हिंदी सिनेमा की कई ऐसी पुरानी फिल्में हैं, जिनसे जुड़े दिलचस्प किस्सों को सुनकर उन पर यकीन कर पाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसी ही एक फिल्म है मनोज कुमार की साल 1964 में आई फिल्म 'वो कौन थी'। जहां आज फिल्मी दुनिया में काम पाने के लिए लोग सालों संघर्ष करते हैं, वहीं मनोज कुमार की एक फिल्म में सड़क पर भीख मांग रही महिला को बिना कुछ करे ही काम कर लिया था। इतना ही भीख मांगने वाली इस महिला के काम को फिल्म में काफी पसंद भी किया गया था।

## 1964 में असली भिखारिन बनी थी एक्ट्रेस



***असली भिखारिन को किया था कास्ट*** : मनोज कुमार की इस फिल्म में मेकर्स ने एक असली भिखारिन को कास्ट किया था। उस भिखारिन ने पर्दे पर ऐसी एक्टिंग की थी कि लोग हैरान हो गए थे। अपनी उम्दा एक्टिंग से उस भिखारिन ने लोगों का दिल भी जीत लिया था। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है।उनकी फिल्मों में 'रोटी कपड़ा और मकान', 'क्रांति', 'पत्थर के सनम', 'मेरा नाम जोकर' और 'दो बदन' जैसी फिल्में शामिल हैं। अपने हर किरदार से मनोज कुमार ने फैंस के दिलों पर राज किया है।आज भी लोग उनकी फिल्में देखना पसंद करते हैं। फिल्म वो कौन थी में उन्होंने बेहतरीन काम किया था। बॉलीवुड लाइफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर गुरुदत्त ने एक फिल्म बनाई जिसका नाम 'राज' रखा गया, जिसमें सुनील दत्त और वहीदा रहमान को कास्ट करना था। लेकिन 10 दिन के अंदर फिल्म बंद हो गई।

***'राज' फिल्म का नाम बदलकर रखा 'वो कौन थी'***: फिल्म 'राज' असिस्टेंट डायरेक्टर राज खोसला ने फिल्म को फिर से शुरू किया। पहले स्क्रिप्ट में बदलाव किया फिर फिल्म का नाम बदलकर 'वो कौन थी'रखा। इसके बाद फिल्म में मनोज कुमार और साधना को कास्ट किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसी फिल्म के लिए मेकर्स को एक बौनी महिला की तलाश थी। एक बार मनोज कुमार को मुंबई के मशहूर होटल के बाहर से जा रहे थे तो देखा कि बाहर एक भिखारिन खड़ी हैं, उन्होंने महिला को राज खोसला से मिलवा दिया।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

क्रिसमस आते ही बच्चों को याद आते हैं अपने प्यारे सांता क्लॉज, जो उनकी विशेज पूरी करते हैं, उन्हें खुशी देते हैं। बालभूमि ने टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स से पूछा, अगर क्रिसमस पर रियल सांता क्लॉज उनके सामने आ जाएं तो वे उनसे क्या विशेज और गिफ्ट्स मांगेंगे? इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स ने बड़े दिलचस्प जवाब दिए। बच्चों, जानें इन्होंने क्या जवाब दिए।

# अगर सामने आ जाएं सांता क्लॉज मांगेंगे ये विशेज-गिफ्ट्स



### कभी ना खत्म होने वाली कैंडी मांगूंगा : कविश चौहान



सन नियो के शो 'छोटी मैया की बिटिया' में वैष्णवी के भाई शैशव का किरदार निभा रहे कविश चौहान, सांता क्लॉज से एक नहीं, कई गिफ्ट्स मांगेगा। क्या-क्या गिफ्ट्स मांगेगा, कविश बताता है, 'अगर सांता क्लॉज मेरे सामने आ जाएं तो मैं उनसे सबसे पहले एक रिमोट कंट्रोल गाड़ी मांगूंगा, वह मुझे बहुत पसंद है। फिर मैं उनसे कहूंगा कि मुझे ढेर सारी चॉकलेट और ऐसी कैंडी चाहिए, जो कभी खत्म ना हो। एक बड़ा सा खिलौने वाला रोबोट भी मांगूंगा, जो मेरा होमवर्क कर दे। साथ ही सांता क्लॉज से कहूंगा कि मेरे लिए एक जादुई किताब लाएं, जिसे पढ़कर मैं अपनी सारी विशेज पूरी कर सकूं, अपने सभी दोस्तों को गिफ्ट दे सकूं।' *

### मांगूंगा मैजिक शो का टिकट : कविश खुंगर



शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा का किरदार निभाने वाला कविश खुंगर क्रिसमस और सांता क्लॉज को लेकर काफी उत्साहित है। वह कहता है, 'क्रिसमस के दिन अगर सांता मेरे सामने आ जाएं, तो मैं उनसे गिफ्ट्स में अपनी फेवरेट चॉकलेट्स, आइसक्रीम और खिलौने मांगूंगा। मैं सांता से एक ऐसे मैजिक शो का टिकट भी मांगूंगा, जहां जादूगर अपनी छड़ी घुमाकर, हम जो चाहें वो हाजिर कर दे। इतना ही नहीं, इस बार क्रिसमस पर मैं अपने प्यारे सांता क्लॉज से अपनी फेवरेट वीडियो गेम भी मांगूंगा। मैं अपनी मम्मी से कहकर सांता के लिए बहुत ही टेस्टी केक बनवाऊंगा। मैं अपने क्रिसमस ट्री के पास चॉकलेट्स, केक और आइसक्रीम भी रख दूंगा ताकि जब वो रात में मुझे गिफ्ट्स देने आएं तो मैं भी अपनी तरफ से एक खास ट्रीट देकर उन्हें क्रिसमस विश करूं।' *

### मैं सांता से मांगूंगी सबकी खुशी
### तेजस्विनी सिंह



एंड टीवी के शो 'भीमा' में लीड रोल निभा रही तेजस्विनी सिंह सांता क्लॉज से सिर्फ अपने लिए ही विशेज नहीं मांगेगी बल्कि औरों की खुशियों के लिए भी विशेज मांगेगी। तेजस्विनी कहती है, 'मैं सांता से विश मांगूंगी कि पूरी दुनिया में प्यार और शांति बनी रहे। कहीं कोई लड़े नहीं। हर जगह दोस्ती और खुशी बनी रहे। जहां तक सांता क्लॉज से गिफ्ट मांगने की बात है तो मैं उनसे एक बड़ा-सा टेडी बियर, ढेर सारी चॉकलेट्स और अपनी पसंदीदा किताबें मांगूंगी। अगर सांता मुझे एक ऐसी मैजिक पेंसिल दे दें, जिससे मैं जो भी ड्रॉ करूं, वो असलियत में बन जाए। वाह! सोचो जरा ऐसा हो जाए तो कितना मजा आएगा!' *

### मांगूंगी भलाई करने की ताकत
### अस्मि देव



जी टीवी के शो 'जागृति - एक नई सुबह' में जागृति का रोल निभाने वाली चाइल्ड आर्टिस्ट अस्मि देव के सामने क्रिसमस पर सचमुच सांता क्लॉज आ जाएं तो वह यही विशेज मांगेगी कि दुनिया में किसी को कोई तकलीफ ना हो। उनकी सारी परेशानियां दूर हो जाएं। अस्मि देव कहती है, 'मैं सांता से यह विश मांगूंगी कि मुझे ऐसी ताकत दें कि परेशान-दुखी लोगों की जिंदगी आसान बना सकूं। जिस तरह मेरे शो 'जागृति-एक नई सुबह' में मेरा कैरेक्टर जागृति हमेशा दूसरों के हक के लिए लड़ती है, वैसे ही मैं भी हर बच्चे को उसकी शिक्षा का हक दिला सकूं। मैं जानती हूं कि शिक्षा कितनी जरूरी है, इसलिए मेरी सबसे पहली विश यही होगी कि दुनिया में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना हो। उसका भविष्य उज्ज्वल हो।' *

### मैं सांता से मांगूंगी जादुई ताकत : वृहि कोडवारा



सोनी सब के पॉपुलर शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल की भूमिका निभाने वाली चाइल्ड आर्टिस्ट वृहि कोडवारा को इन दिनों दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। वृहि से जब पूछा गया कि क्रिसमस के दिन अगर सामने सांता क्लॉज आ जाएं, तो वह उनसे क्या-क्या विशेज मांगेगी तो उसने बताया, 'अगर क्रिसमस पर सांता क्लॉज मेरे पास आएं, तो मैं उनसे एक जादुई ताकत मांगूंगी, जिससे मैं पंछी की तरह उड़कर पूरी दुनिया को ऊपर से देख सकूं। मैं उनसे एक स्पेसशिप भी मांगूंगी, ताकि मैं ब्रह्मांड की सैर कर सकूं, तारों और ग्रहों को करीब से देख सकूं और नई-नई जगहों की खोज कर सकूं। मैं सिर्फ अपने लिए ही नहीं, बाकी बच्चों के लिए भी सांता क्लॉज से विशेज मांगूंगी ताकि सभी बच्चे अपने सपने पूरे कर सकें, खुश रहें।' *

प्रस्तुति: बालभूमि फीचर्स

जानकारी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

## क्रिसमस और सांता क्लॉज से जुड़ी रोचक बातें

बच्चों, क्रिसमस हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। वैसे तो यह ईसाई धर्म का प्रमुख पर्व है, लेकिन आज इसे पूरी दुनिया में हर धर्म और समुदाय के लोग बड़े उत्साह-उमंग से मनाते हैं। इस दिन प्रभु यीशु का जन्म हुआ था, लोग उनके जन्मोत्सव को बहुत ही हर्षोल्लास से मनाते हैं। यीशु ने दुनिया को दया, करुणा और प्रेम का संदेश दिया।

**क्रिसमस शब्द का अर्थ:** इस पर्व का नाम 'क्रिसमस' दरअसल 'क्राइस्ट' और 'मास' शब्दों से मिलकर बना है। यहां 'क्राइस्ट' का अर्थ यीशु मसीह और 'मास' का अर्थ पूजा या प्रार्थना है।

**कौन है सांता क्लॉज:** क्रिसमस का जिक्र हो और लाल कपड़े पहने लंबी सफेद दाढ़ी वाले बच्चों के फेवरेट सांता क्लॉज की बात ना हो, यह कैसे हो सकता है! मान्यताओं के अनुसार, हम सभी जिसे सांता क्लॉज के रूप में जानते हैं, वो दरअसल तीसरी शताब्दी के आस-पास मायरा (वर्तमान तुर्की) में रहने वाले संत निकोलस थे। वे गरीबों और बच्चों को गुपचुप तरीके से उपहार देते थे। अपनी दयालुता और उदारता के कारण वह काफी प्रसिद्ध हो गए। संत निकोलस की यह छवि धीरे-धीरे सांता क्लॉज के रूप में बन गई।

### क्रिसमस का संदेश

क्रिसमस का पर्व हमें प्यार, करुणा और दूसरों के साथ खुशी बांटने का संदेश देता है। सांता क्लॉज की कहानी हमें



यह सिखाती है कि दूसरों की मदद करना और खुशियां बांटना बहुत नेकी का काम है। चाहे बच्चा हो या बड़ा, यह त्योहार सबके जीवन में एक नई उमंग और सकारात्मकता लाता है।

**कहां रहते हैं सांता क्लॉज:** ऐसा माना जाता है कि सांता क्लॉज का घर उत्तरी ध्रुव (नॉर्थ पोल) में है। वहां वे आज भी अपनी टीम के साथ रहते हैं। उनकी टीम में उनकी प्यारी पत्नी और ढेर सारे एल्फ्स (बौने) शामिल हैं। ये एल्फ्स उनके सहायक हैं, जो बच्चों के लिए खिलौने और उपहार बनाते हैं।

**सांता ऐसे देते हैं बच्चों को गिफ्ट्स:** प्रचलित मान्यताओं के अनुसार सांता क्लॉज के पास एक जादुई रथ (स्लेज) है, जिसे उड़ने वाले रेनडियर (बारहसिंगा) खींचते हैं। यह रथ सांता को दुनिया भर के बच्चों तक पहुंचने में मदद करता है। कहा जाता है कि क्रिसमस की रात जब बच्चे सो रहे होते हैं, सांता उनके घर की खिड़की या चिमनी से आकर उपहार दे जाते हैं।

**सांता को क्या पसंद है:** माना जाता है कि सांता क्लॉज को दूध, मिठाइयां और कुकीज बेहद पसंद हैं। बच्चे क्रिसमस की रात क्रिसमस ट्री के नीचे उनके लिए कुकीज और दूध रखते हैं। सांता जब देर रात बच्चों को गिफ्ट्स देने आते हैं, तो बच्चों द्वारा रखी गई चीजें खाते-पीते हैं और खुशी-खुशी वापस अपनी दुनिया में चले जाते हैं। *

## जीके क्विज-133



1. शतरंज के सबसे युवा 'वर्ल्ड चैंपियन' कौन बने हैं?
2. भारत के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. दुनिया का सबसे बड़ा चर्च (सेंट पीटर्स) कहां स्थित है?
4. ऑपरेशन फ्लड के सूत्रधार कौन थे?
5. पहली बार विश्व ध्यान दिवस कब मनाया जाएगा?
6. स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर कौन बने?
7. द 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
8. हमारे शरीर के रक्त में कौन सा धातु तत्व पाया जाता है?
9. सूर्य के सबसे निकट का ग्रह कौन-सा है?
10. किस पुरस्कार को 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है?

बच्चों, जीके क्विज-132 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-132 का उत्तर :** 1.देवेंद्र फडणवीस, 2.रातापानी वन्यजीव अभयारण्य, 3.बंडारू दत्तात्रेय, 4.व्लादिमीर पुतिन, 5.बृहस्पति, 6.विटामिन सी, 7.हैदराबाद, 8.चार वर्ष, 9.विटामिन डी, 10.जी.वी. मावलंकर

**जीके क्विज-132 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा, प्रांजल-रायगढ़, रमेश-कोरबा, कबीर-हिसार, अमन-कोरबा, तृप्ति-रायपुर, मनीषा-ईमेल से, शुभम-जबलपुर, गोपाल-ईमेल से, रोहन-दुर्ग

## बूझो तो जानें



1 मरियम की संतान हैं
कहते सब भगवान हैं
पच्चीस दिसंबर को जन्मे
यह उनकी पहचान है।



2 प्रार्थना करते शीश झुकाते
मोमबत्तियां साथ जलाते
क्रॉस वाले पूजाघर को
रविवार पर खास सजाते।

3 चढ़ कर सूली जिनका बेटा
मां का नाम अमर कर गया
त्योहार की शुभ कामना में
मां का नाम पहले जुड़ गया।

- आशा शर्मा

उत्तर : 1. ईसा मसीह 2. चर्च 3. मदर मैरी

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

माइकल ने पापा से क्रिसमस गिफ्ट के रूप में स्पोर्ट्स शूज की डिमांड की, पापा इसके लिए तैयार भी हो गए। लेकिन तभी माइकल की नजर एक लड़के पर पड़ी, इसे देखकर और इसके बारे में जानकर माइकल का मन बदल गया। उसने पापा से अपनी डिमांड बदलने की रिक्वेस्ट की। माइकल ने पापा के सामने नई डिमांड क्या रखी, क्या उसकी यह डिमांड पूरी हुई?

# क्रिसमस का उपहार



क्रिसमस का त्योहार आने वाला था। माइकल के स्कूल में इन दिनों विंटर वेकेशन चल रही थीं। एक दिन सुबह के समय पापा के साथ पार्क में सैर करके वह घर लौट रहा था। चलते-चलते वह पापा से क्रिसमस मनाने की तैयारियों के बारे में बातें करने लगा। क्रिसमस के मौके पर माइकल के पापा हर साल सांता क्लॉज बनकर बच्चों को उपहार बांटते हैं। बातचीत के दौरान माइकल ने पापा से कहा, 'पापा, इस क्रिसमस पर आप सांता क्लॉज बनकर मुझे उपहार में नए स्पोर्ट्स शूज दीजिएगा।'

'पर तुम्हारे जो स्पोर्ट्स शूज हैं, वह ठीक तो हैं। अभी पिछले साल ही तो लिए थे।' माइकल के पहने हुए शूज की ओर देखते हुए पापा बोले।

'नहीं पापा! मैं बोर हो गया हूं इन स्पोर्ट्स शूज को पहन-पहन कर। मुझे तो बढ़िया वाले शूज चाहिए, जो उस दिन मॉल में देखे थे!' माइकल ने मचलते हुए कहा।

'ठीक है बेटा, मिल जाएंगे तुम्हें वही वाले स्पोर्ट्स शूज, क्रिसमस के दिन।' पापा ने हामी भर दी। यह सुनकर माइकल खुशी से उछल पड़ा, लेकिन तभी माइकल की नजर सामने से आ रहे एक लड़के पर पड़ी, जो उम्र में उससे दो-तीन साल बड़ा था। उस लड़के ने एक हाथ में अखबारों का ढेर उठाया हुआ था। वह लोगों के घरों में अखबार बांटते हुए आ रहा था। उस लड़के को देखकर माइकल ने पापा से कहा, 'पापा, यह तो वही लड़का है, जिसे मैं स्कूल बस की खिड़की से देखता हूं। अपना बस्ता उठाकर भागते हुए यह स्कूल जा रहा होता है, जैसे लेट हो गया हो।'

'यही लड़का तो हमारे घर में भी अखबार देता है। बड़े गरीब घर का है। इसके पापा भी बहुत बीमार रहते हैं। सुबह अखबार बांटने का काम करने के कारण यह लड़का स्कूल के लिए लेट हो जाता होगा।' पापा ने बताया।

तब तक वह लड़का उन दोनों के पास आ पहुंचा था। उसने माइकल के पापा को नमस्ते किया। माइकल उस लड़के से बोला, 'भैया, अगर तुम साइकिल से ये अखबार बांटो तो तुम्हारा काम जल्दी खत्म हो जाएगा। फिर तुम स्कूल के लिए भी लेट नहीं हुआ करोगे।'

माइकल की बात सुनकर वह लड़का बोला, 'साइकिल तो चलानी आती है मुझे, पर मेरे पास साइकिल है ही नहीं। साइकिल खरीदने में तो बहुत पैसे लगते हैं ना।' यह कहते हुए वह लड़का आगे बढ़ गया।

तभी माइकल के दिमाग में एक बात आई, वह पापा से बोला, 'पापा, क्रिसमस पर मुझे स्पोर्ट्स शूज देने की बजाय क्यों ना आप इस लड़के को साइकिल उपहार में दे दें?'

माइकल का सुझाव सुनकर पापा खुश हुए, बोले, 'हां, ठीक है। तुम्हारे शूज तो सही हैं। इन्हें तो अगले कई महीनों तक चला सकते हो तुम। इस लड़के को साइकिल उपहार में दे देंगे।'

क्रिसमस वाले दिन सुबह के समय माइकल अपने घर की छत पर खड़ा होकर उस लड़के के आने की राह देख रहा था। जैसे ही अखबार उठाए हुए वह लड़का उसे दूर से आता दिखाई दिया, उसने नीचे आंगन में सांता क्लॉज बनकर खड़े पापा को बता दिया। पापा उपहार वाली साइकिल लेकर तुरंत घर से बाहर निकल आए और उस दिशा में बढ़ गए, जिधर से वह लड़का आ रहा था। जैसे ही पापा उस लड़के के पास पहुंचे, उन्होंने उसे 'मैरी क्रिसमस' कहकर शुभकामनाएं दीं और साइकिल का उपहार थमाते हुए उससे बोले, 'इस साइकिल की मदद से तुम अखबार बांट लिया करो।'

उपहार में साइकिल पाकर उस लड़के की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने सांता क्लॉज बने माइकल के पापा को 'थैंक यू वैरी मच, सांता!' कहा। फिर उसने हाथ में उठाए अखबारों को साइकिल पर रखा और अखबार बांटने के लिए आगे बढ़ गया।

घर की छत से यह सब देखते हुए माइकल बहुत खुश हो रहा था। कुछ देर बाद माइकल अपने कमरे में आया तो उसके बिस्तर के सिरहाने के नीचे से झांकता हुआ एक पैकेट दिखाई दिया। उसने वह पैकेट खोला।

उसमें माइकल की मनपसंद चॉकलेट का बड़ा डिब्बा था। साथ में एक छोटा-सा पत्र भी था, जिसमें लिखा था कि सांता क्लॉज की तरफ से यह विशेष उपहार माइकल को इसलिए दिया जा रहा है, क्योंकि उसने अपने शूज लेने के बजाय एक गरीब लड़के को साइकिल देने के लिए कहा।

माइकल यह विशेष उपहार पाकर खुशी से फूला नहीं समा रहा था। वह दौड़कर सांता क्लॉज बने पापा के गले लग गया। *

कविता
नागेश पांडेय 'संजय'



## हैप्पी क्रिसमस

हैप्पी क्रिसमस की देखो जी,
शुरू हुई तैयारी।
बन रहे पकवान न्यारे,
देखिए तो ढेर सारे।
नए कपड़े आ गए हैं,
सभी के मन भा गए हैं।
क्रिसमस ट्री तैयार हो रहा,
सजी झांकियां प्यारी।
सैम गुब्बारे फुलाता,
और डेविड गीत गाता।
सफाई कर रहे डैडी,
अहा! रिंगिंग बेल रेडी।
आज सभी को गिफ्ट मिलेंगे,
हां जी, बारी-बारी।
त्याग का त्योहार आया,
हर हृदय में प्यार छाया।
आज दादी और नानी,
सुनाएंगी कुछ कहानी।
ईशा की गाथाएं सुनकर,
होंगे सब आभारी।
हैप्पी क्रिसमस की देखो जी,
शुरू हुई तैयारी।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां सांता क्लॉज के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें 8 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।





उत्तर: 1.सांता क्लॉज की स्लेज गाड़ी के निचले हिस्से में एक एक्स्ट्रा सपोर्ट-रॉड लगा हुआ है। 2.स्लेज के पिछले हिस्से की डिजाइन अलग है। 3.स्लेज के बैक-सपोर्ट में बनी हुई आकृति में एक एक्स्ट्रा लाइन है। 4.सांता के बेल्ट का बकल पूरा पीला है। 5.रेनडियर की नाक पीली है। 6.रेनडियर की दाईं तरफ एक एक्स्ट्रा हॉर्न है। 7.रेनडियर के गले में लगे पट्टे में सामने की तरफ पीले रंग की बटन लगी है। 8.रेनडियर के पिछले बाएं पैर के खुर की बनावट अलग है।

## सही रास्ता खोजो

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में स्टार्ट प्वॉइंट से लेकर फिनिश प्वॉइंट यानी सांता क्लॉज तक पहुंचने के टेढ़े-मेढ़े कई रास्ते हैं। रास्ते में क्रिसमस से जुड़े कई सारे गिफ्ट आइटम्स रखे हुए हैं। तुम्हें उस रास्ते पर चलना है, जिससे इन सभी गिफ्ट्स को कलेक्ट करते हुए सांता तक पहुंच सको।




## एक अलग चित्र को ढूंढो

बच्चों, यहां क्रिसमस सेलिब्रेशन से जुड़े दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी चित्र पेयर यानी जोड़े में हैं। एक मात्र चित्र ऐसा है, जिसका सेम पेयर नहीं है। तुम्हें उस अकेले चित्र को खोजना है।



**खबर संक्षेप**

## एयर इंडिया ने 34 प्रशिक्षक विमानों का ऑर्डर दिया




**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने महाराष्ट्र में स्थित अपने उड़ान प्रशिक्षण संगठन के लिए 31 एकल इंजन विमानों समेत 34 प्रशिक्षक (ट्रेनर) विमानों का ऑर्डर दिया है अगले साल की दूसरी छमाही तक मिलने की उम्मीद है। अमेरिका में पाइपर एयरक्राफ्ट से 31 सिंगल-इंजन विमान और ऑस्ट्रिया स्थित डायमंड एयरक्राफ्ट से तीन ट्विन-इंजन विमानों की आपूर्ति के ऑर्डर शामिल हैं।

## एयरटेल ने स्पेक्ट्रम का अग्रिम चुकाया




**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने 2016 में हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के लिए अपनी सभी देनदारियों को चुकाने के लिए दूरसंचार विभाग को 3,626 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान कर दिया है। कंपनी ने कहा कि इसके साथ ही उसने अपने सभी स्पेक्ट्रम बकाया का अब अग्रिम भुगतान कर दिया है, जिस पर ब्याज लागत 8.65 प्रतिशत से अधिक थी।

## पंतजलि न्यूट्रेला ने शाहिद को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** पंतजलि फूड्स लिमिटेड के ब्रांड न्यूट्रेला न्यूट्रिशन ने बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अपना 'ब्रांड एंबेसडर' बनाया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कपूर का स्वास्थ्य को लेकर समर्पण न्यूट्रेला न्यूट्रिशन के मूल्यों से मेल खाता है। पतंजलि फूड्स लिमिटेड के सीईओ संजीव अस्थाना ने कहा, 'न्यूट्रेला न्यूट्रिशन स्वास्थ्य प्रथम दृष्टिकोण पर काम करता है, जो संतुलित पोषण तथा समग्र स्वास्थ्य पर केंद्रित है।'



# किआ ने नई सिरोस एसयूवी की लांच, 3 जनवरी से शुरू होगी बुकिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साउथ कोरिया की ऑटोमोबाइल विनिर्माण किआ ने भारतीय बाजार में अपनी ऑल न्यू सिरोस एसयूवी पेश कर दी है। ये कंपनी का भारतीय बाजार में 7वां मॉडल है। कंपनी के पोर्टफोलियो में सोनेट, सेल्टोस, कैसेंस, कार्निवल, ईवी6 और ईवी9 पहले से शामिल हैं।

- कंपनी का भारतीय बाजार में यह 7वां मॉडल

कंपनी ने सिरोस में कई शाददार फीचर्स दिए हैं। खास बात ये है कि कंपनी ने इसका डिजाइन मौजूदा मॉडल की तुलना में पूरी तरह अलग रखा है। अभी इसकी कीमतों का एलान नहीं किया गया है। इसकी बुकिंग 3 जनवरी, 2025 से शुरू होगी। वहीं, डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू की जाएगी।

**किआ कार की डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू करेगी**

### किआ सिरोस का मुकाबला

किआ सिरोस को सेल्टोस और सोनेट के बीच में रखा गया है। कंपनी के पोर्टफोलियो में अभी इनके बीच में कोई अन्य एसयूवी मौजूद नहीं है। इसका मतलब यह है कि सिरोस उन ग्राहकों को टारगेट करेगी जो सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी के हाई ट्रिम की तलाश कर रहे हैं। या जो ग्राहक किआ सेल्टोस, हुंडई क्रेटा, होंडा एलिवेट, मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा, स्कोडा कुशाक, वोक्सवैगन ताइगुन, टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइडर और अन्य जैसी कॉम्पैक्ट एसयूवी के एंट्री लेवल वेरिएंट की तलाश कर रहे हैं।




### सिरोस का इंजन

किआ सिरोस एसयूवी में 1 लीटर कैपेसिटी वाला टर्बो पेट्रोल स्मार्टस्ट्रीम इंजन दिया गया है। इसे 6-स्पीड मैनुअल और 7-स्पीड डीसीटी ट्रांसमिशन के साथ जोड़ा गया है। डीजल वैरिएंट में 1.5 लीटर डीजल इंजन दिया जाएगा जो सोनेट, सेल्टोस और किआ कैरेंस को पावर देता है। सिरोस में डीजल 116 बीएचपी की अधिकतम पावर और 250 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करता है।

### किआ सिरोस के फीचर्स

किआ ने अपनी इस एसयूवी का नाम ग्रीक आइलैंड के नाम पर रखा है। इस नई एसयूवी को ज्यादा स्पेशियस बनाया गया है। इसमें रिक्लाइनिंग रियर सीट मिलती हैं। बात करें इसके फीचर्स तो इसमें एलईडी लाइट्स, एलईडी डीआरएलएस, पैनोरमिक सनरूफ, एलईडी टेल लाइट्स, एंबिएंट लाइट्स, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, 10.25-इंच इंफोटेनमेंट सिस्टम, टैरेन और ड्राइविंग मोड्स, वेंटिलेटिड सीट्स, वायरलेस चार्जर, हरमन कार्डन ऑडियो सिस्टम, लेवल-2 एडास, 6 एयरबैग, एबीएस, ईबीडी, आइसोफिक्स चाइल्ड एंकरेज जैसे शानदार फीचर्स दिए हैं।

## नियामकीय ढांचे को उदार करने का लिया फैसला

# सेबी ने 'नई कोष पेशकश' से हासिल राशि के निवेश की समयसीमा तय की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) द्वारा नई कोष पेशकश (एनएफओ) के जरिये जुटाये गई राशि के निवेश के लिए समयसीमा तय करने तथा एएमसी कर्मचारियों के हितों को यूनिटधारकों के हितों के साथ जोड़ने के संबंध में नियामकीय ढांचे को उदार करने का फैसला किया है।

बाजार नियामक सेबी ने इसके अलावा निवेशकों को अधिक पारदर्शिता प्रदान करने के लिए सभी म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए दबाव परीक्षण का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया है। सेबी के निदेशक मंडल की बुधवार को हुई बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

### एनएफओ से एकत्रित धन 30 दिन में निवेश करना होगा

इनका मकसद म्यूचुअल फंड के परिचालन में जुझारूपन लाना और निवेशकों के बीच अधिक जवाबदेही तथा भरोसा सुनिश्चित करना है। समयसीमा के संबंध में सेबी ने कहा कि कोष प्रबंधकों को एनएफओ से एकत्रित धन को योजना के निर्दिष्ट परिसंपत्ति आवंटन के तहत 30 दिन के भीतर निवेश करना होगा।

### बिना कोई निकासी राशि चुकाए बाहर निकलने का विकल्प

नियामक ने बयान में कहा, यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर धनराशि का निवेश नहीं किया जाता है, तो निवेशकों के पास बिना कोई निकासी राशि चुकाए योजना से बाहर निकलने का विकल्प होगा। यह बदलाव एएमसी को एनएफओ के दौरान अतिरिक्त धनराशि एकत्र करने से हतोत्साहित करता है, क्योंकि निवेशक बाद में प्रचलित शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य (एनएवी) पर खुली (ओपन-एंडेड) योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

- सभी एमएफ के लिए दबाव परीक्षण का खुलासा अनिवार्य
- मकसद म्यूचुअल फंड के परिचालन में जुझारूपन लाना
- निवेशकों के बीच अधिक जवाबदेही तथा भरोसा सुनिश्चित करना




*निवेश की समयसीमा 30 दिन होगी : सेबी ने कहा, "नए ढांचे का उद्देश्य एएमसी को एनएफओ में केवल उतना ही धन एकत्र करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जितना एक उचित समय अवधि (यानी सामान्यतः 30 दिन) में निवेश किया जा सके, क्योंकि खुले कोषों (ओपन-एंडेड फंड) में निवेशकों के पास हमेशा बाद में प्रचलित एनएवी पर योजना में प्रवेश करने का विकल्प होता है।"*

*केवल एक कमीशन के पात्र होंगे : सेबी ने कहा कि 'स्विच' लेनदेन (एक म्यूचुअल फंड से दूसरे में राशि स्थानांतरित करना) के लिए एनएफओ में संभावित गलत बिक्री के मुद्दे को हल करने के लिए वितरक 'स्विच' लेनदेन की दो योजनाओं के तहत दिए जाने वाले दो 'कमीशन' में से कम 'कमीशन' के पात्र होंगे।*

### एक्जिट लोड से बाहर निकलने का विकल्प

बयान के अनुसार, " यह निवेशकों को बिना किसी निकासी राशि अदा किए (एक्जिट लोड) योजना से बाहर निकलने का विकल्प प्रदान करता है, यदि कोष प्रबंधक निर्दिष्ट समयसीमा के भीतर कोष का निवेश करने में असमर्थ हो।

### रिडेम्पशन मापदंड सरल बनाने का निर्णय

इसके तहत नियामक ने नामित कर्मचारियों के लिए आवश्यक न्यूनतम निवेश राशि को कम करने, अनुपालन से संबंधित खुलासा के अवधि कम करने, नकदी कोष का प्रबंधन करने वाले कर्मचारियों के लिए आवश्यकताओं में ढील देने और विमोच्य (रिडेम्पशन) मानदंडों को सरल बनाने का निर्णय लिया है।

### कर्मचारी की लॉक इन अवधि होगी कम

इसके अतिरिक्त, सेबी ने कहा कि अब इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों के निवेश पर 'लॉक-इन' अवधि कम कर दी जाएगी। नियामक ने समिति को नामित कर्मचारियों द्वारा अनुपालन की निगरानी करने का अधिकार दिया है।

## फेड की ब्याज दर कटौती से शेयर बाजार में बिकवाली सेंसेक्स 965 अंक लुढ़का

एजेंसी ⏭ मुंबई

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की तरफ से अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती के संकेत मिलने के बाद बृहस्पतिवार को दुनियाभर के शेयर बाजारों में जबर्दस्त बिकवाली देखी गई। इसके चलते घरेलू शेयर बाजार का मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 965 अंक टूटकर 80,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 964.15 अंक फिसलकर 79,218.05 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 1,162.12 अंक तक टूटकर 79,020.08 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 247.15 अंक गिरकर 24,000 अंक से नीचे 23,951.70 अंक पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुए।



### निवेशकों की संपत्ति 9.65 लाख करोड़ रुपये घटी

शेयर बाजार में चार दिन की तेज गिरावट में निवेशकों की संपत्ति 9.65 लाख करोड़ रुपये घट गई है। शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण चार दिन में 9,65,935.96 करोड़ रुपये घटकर 4,49,76,402.63 करोड़ रुपये (5,290 अरब डॉलर) रह गया।

## भारतीय रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश 32 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रियल एस्टेट में चालू कैलेंडर वर्ष 2024 में 4.15 अरब अमेरिकी डॉलर का निजी इक्विटी (पीई) निवेश हुआ, जो सालाना आधार पर 32 प्रतिशत अधिक है। आवास खंड में अधिक प्रवाह से यह निवेश बढ़ा है।

रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'भारत में निजी इक्विटी निवेश के रुझान 2024' रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की। सलाहकार ने बताया कि कैलेंडर वर्ष 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश 415.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, 2024 में आवासीय क्षेत्र में पीई निवेश दोगुना से अधिक होकर 1,17.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। यह इस क्षेत्र में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है, जिसमें अंतिम उपयोगकर्ता मांग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। चालू कैलेंडर वर्ष में गोदाम परिसंपत्तियों को 187.7 करोड़ डॉलर का निवेश मिला , जबकि कार्यालय संपत्तियों को 109.8 करोड़ डॉलर प्राप्त हुए। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, " भारत में निवेश में वृद्धि देखी गई है, खासकर पिछले एक दशक में जो आर्थिक स्थिरता और निरंतर वृद्धि से प्रेरित है। भारतीय रियल एस्टेट में कुल पीई निवेश में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ मुंबई सबसे पसंदीदा स्थान है। वर्ष 2024 में किए गए कुल पीई निवेश में से संयुक्त अरब अमीरात से पूंजी प्रवाह सर्वाधिक 1.7 अरब अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है, जो भारत में निवेश का 42 प्रतिशत है।



- निवेश 2024 में बढ़कर 4.15 अरब डॉलर रहा

## इन्वेंटुरस नॉलेज का शेयर पहले दिन 53 प्रतिशत चढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी सेवाएं देने वाली इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड का शेयर बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 1,329 रुपये से करीब 53 प्रतिशत उछाल के साथ बंद हुआ।

बीएसई पर कंपनी का शेयर 39.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,856 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 52.74 प्रतिशत बढ़कर 2,030 रुपये पर पहुंच गया। अंत में कंपनी का शेयर 47.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,960.25 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर इसने 42.96 प्रतिशत के उछाल के साथ 1,900 रुपये पर शुरुआत की। कारोबार के अंत में यह 52.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,030 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 33,632.63 करोड़ रुपये रहा। दिन में बीएसई पर कंपनी के 9.93 लाख शेयर और एनएसई पर 164.94 लाख शेयर का कारोबार हुआ।




- बीएसई में कंपनी का शेयर 1856 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ

इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत सोमवार को 52.68 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने बड़े (एंकर) निवेशकों से 1,120 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर**
**जोन क्रमांक-01, संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी**
Email:-rmczone1@gmail.com

क्रमांक 767 जोन क्र.1/न.नि.रा./2024 रायपुर, दिनांक 19/12/2024

**EXPRESSION OF INTEREST**
(3rd Call)

Raipur Municipal Corporation invites sealed tenders from eligible vendors for the construction and maintenance of 6000 sqft. Box Cricket Stadium in Zone No. 01 Municipal Corporation Raipur Area under the annual licence fees model for 5 years the Project includes a 10x10 Kiosk, a prefabricated toilet and advertising rights on two mini unipoles. The tender fees Rs. 5000.00 & EMD of Rs. 1.00 Lacs is required detailed E.O.I. documents can be obtained from the Town Planning Branch Room No. 06 Zone No. 01, Raipur Municipal Corporation Raipur. The last date of submission is 23.12.2024.

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

Zone Commissioner
Zone No. 01
Municipal Corporation Raipur

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 162889 /निविदा सूचना क्र. 10/ व.ले.लि. / 2024-25
दिनांक 17.12.2024

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 07.01.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम:- कांकेर जिले के विकाराखंड नरहरपुर की कोचवाही नाला में एनीकट का निर्माण कार्य ।**

**अनुमानित लागत :- रूपये 437.33 लाख**
**(एस.ओ. आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक ))**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.12.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन सभाग, कांकेर**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

G-242504685/4

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सिविल अस्पताल कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**
फोन नं. 07705.223640 ई-मेल: bpmu.kurud2019@gmail.com

क्रमांक / खचिअ / निविदा/2024-25/444 कुरूद, दिनांक - 17.12.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) में के लिए निम्नांकित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जानी है:-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 01 | अस्पताल के पार्किंग को ठेका पर संचालित करने हेतु | कार्यादेश जारी तिथी से 01 वर्ष तक | स्थानीय स्व सहायता समूह, फर्म एवं व्यक्ति को प्राथमिकता |

निविदा का नियम एवं शर्ते कार्यालयीन सूचना पटल पर कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। निविदा पत्रक (प्रपत्र ) एवं नियमावली अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन समयावधि में रू.500/- अक्षरी पाँच सौ रू. मात्र नगद जमा कर दिनांक 21.12.2024 से 25.12.2024 तक समय शाम 05:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है । निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा किया जाना होगा।

1. निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि - दिनांक 25.12.2024 समय शाम 05:00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 31.12.2024 समय दोपहर 02:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 31.12.2024 समय शाम 04:00 बजे से

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सिविल अस्पताल कुरूद**
**जिला-धमतरी (छ. ग.)**

G-242504657/1

**कार्यालय संचालक**
**राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान**
**जेल रोड चौराहा, रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/SIHFW/भंडार/सत्रह / 24-25/1292 रायपुर, दिनांक 17/12/2024

**-:: निविदा सूचना ::-**

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण संस्थान में समय समय पर आयोजित प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों हेतु प्रशिक्षण सामग्री/ मटेरियल/ मोड्यूल की प्रिंटिंग/ फोटोकापी/ बाइंडिग कार्य करने के लिए मुहरबंद निविदाएं दिनांक 10/01/2025 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसकी समय अवधि अनुबंध लागू होने के दिनांक से 31 मार्च 2026 तक रहेगी। विषम परिस्थितियों में निविदा अवधि को बढ़ाया जा सकता है। निविदा प्रपत्र संचालक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण संस्थान के कार्यालय से कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 1000/- (रूपये एक हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 20.12.2024 से प्राप्त किये जा सकते है । उक्त राशि वापसी' योग्य नहीं है ।

**निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय : 10.01.2025 समय दोपहर 3.00 बजे तक**
**निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 17.01.2025 समय दोपहर 3.00 बजे तक**
**निविदाएं खोले जाने की तिथि एवं समय : 17.01.2025 अपरान्ह 04.00 बजे**
**नोटः विषम परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथी परिवर्तन किया जा सकता है।**

**पंजीयक**
**राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान**
**रायपुर, छ.ग.**

G- 242504687/2

**कार्यालय प्राचार्य/नोडल अधिकारी**
**जिला नोडल शास. औद्यो. प्रशि. संस्था, महासमुंद जिला- महासमुंद (छ.ग.)**
पताः- बीज निगम के पास, लभराखुर्द, 493445 E-mail-itimhd@rediffmail.com

क्रमांक-औप्रसं./महा./स्थाप/मे.प्र./2024/1047 महासमुंद, दिनांक 16/12/2024
प्रति,

**// विज्ञप्ति //**

संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने हेतु जारी विभिन्न आदेशों व निर्देशों तथा संयुक्त संचालक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर क्षेत्र, रायपुर के आदेश के अनुशरण में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, महासमुंद के नोडल क्षेत्र के अंतर्गत जिला महासमुंद में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पद के रिक्त पद विरूध्द विभिन्न व्यवसायों/ विषयों के लिए प्रशिक्षण सत्र 2024-2025 हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) हेतु निर्धारित प्रारूप में कार्यालय प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, लभराखुर्द महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.), पिन 493445 के पते पर केवल पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से 27.12.2024, दिन-शुक्रवार अपरान्ह 05.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है । केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे । निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त /जमा आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। संस्थावार, व्यवसायवार / विषयवार रिक्त पदों की जानकारी, शैक्षणिक/ तकनीकी योग्यताएं एवं निर्धारित मापदंड, नियम एवं शर्तो की जानकारी एवं आवेदन पत्र की प्रारूप महासमुंद जिले के वेबसाईट https://mahasamund.nic.in/ या https://mahasamund.gov.in/ पर एवं जिले में संचालित समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के सूचना पटल पर देख सकते है ।

**1. रिक्त पदों की जानकारी :-**

| स. क्र. | व्यवसाय का नाम | औप्रसं महासमुंद | औप्रसं बागबाहरा | औप्रसं पिथौरा | औप्रसं बसना | औप्रसं सरायपाली | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्युतकार | - | 01 | - | - | - | 01 |
| 2 | फिटर | 01 | 01 | - | 01 | - | 03 |
| 3 | आई. सी. टी. एस. एम. | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 4 | मैकेनिक डीजल | 01 | 01 | 01 | - | - | 03 |
| 5 | कोपा | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 6 | वेल्डर | - | 01 | - | 02 | - | 03 |
| 7 | वर्कशॉप केल्कुलेशन साइंस एंड इंजीनियरिंग ड्राइंग | - | 01 | - | 02 | - | 03 |
| | कुल योग | 04 | 05 | 01 | 05 | - | 15 |

**( घनश्याम साहू)**
**प्राचार्य / नोडल अधिकारी**
**जिला नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,**
**महासमुंद छत्तीसगढ़**

G- 242504695/1

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा**
**शीतला मंदिर के पास सिंघौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
Phone No. 07824222332
E-mail Id- eeres.bemetara@gmail.com

क्र. 3866 / का. अभि / वलेलि /ग्रा.यां. सेवा/ 2024-25 बेमेतरा, दिनांक 17/12/2024

**संक्षिप्त मैनुअल (जोनल) निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 10**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा निर्माण एवं संधारण कार्य हेतु दर अनुसूची जो दिनांक 01.11.2021 एवं ट्यूब वेल कार्य हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग **दिनांक** 01.06.2020 तथा विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 में प्रचलित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर **विकासखण्ड बेरला** के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु जोनल निविदा कार्य जोन क्र. 04 से 08 तक एवं **विकासखण्ड बेमेतरा** हेतु **जोन क्र. 08 से 12 अनुमानित लागत प्रत्येक भाग 20.00 लाख रूपये** का जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है ।

उपरोक्त निविदा की समस्त शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in में दिनांक 19.12.2024 से देखी / डाउनलोड की जा सकती है एवं निविदा प्राप्ती की अंतिम तिथि 02.01.2025 तथा निविदायें दिनांक 03.01.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जावेगी ।

**( महाजन बांधड़े)**
**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- बेमेतरा**
**जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**

G-242504668/3

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 162770 प्रथम आमंत्रण 11.12.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला कबीरधाम के बानो से कान्हाभैरा मार्ग लंबाई 6.70 कि.मी. मजबूतीकरण एवं डामरीकरण का पुल पुलियासहित निर्माण कार्य । | 538.13 |
| 2 | 162778 प्रथम आमंत्रण 11.12.2024 | पाली से उतरदा मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी. ( वास्तविक लंबाई 1.80 कि.मी.) का शेष निर्माण कार्य । | 225.49 |
| 3 | 162791 प्रथम आमंत्रण 12.12.2024 | रायपुर स्थित सोनाखान भवन में खनिज ऑनलाईन परियोजना अंतर्गत आई.सी.सी. निर्माण हेतु आवश्यक सिविल वर्क सहित भवन का मरम्मत कार्य । जमा मद कार्य । | 388.62 |
| 4 | 162800 द्वितीय आमंत्रण 12.12.2024 | जिला गरियाबंद के अमलीपदर धुरवागुड़ी मार्ग के सूखा तेल नदी पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य का शेष कार्य । | 494.86 |
| 5 | 162856 प्रथम आमंत्रण 13.12.2024 | जिला दुर्ग के पतोरा से डंगनिया, मटिया पहुंच मार्ग लंबाई 2.05 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 214.52 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 04 दिनांक 30.12.2024 निर्धारित है एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 03.01.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

G-242504677/4

# भारत ने 2-1 से जीती महिला टी20 सीरीज, वेस्टइंडीज को 60 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

भारत ने गुरुवार को यहां तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 60 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। भारतीय महिला टीम ने अक्टूबर 2019 के बाद घरेलू सरजमीं पर पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती है।

भारत की रिचा घोष (54) ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (77) ने भी अर्धशतक जड़ा। भारत के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 157 रन ही बना सकी। मेजबान टीम की तरफ से स्पिनर राधा यादव ने 29 रन देकर चार विकेट चटकाए।



रिचा ने 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक जड़ की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

## भारत का सर्वश्रेष्ठ स्कोर

भारत ने इससे पहले रिचा और स्मृति की पारियों से चार विकेट पर 217 रन बनाए जो इस प्रारूप में टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस प्रारूप में इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ स्कोर पांच विकेट पर 201 रन था जो उसने इसी साल एशिया कप में यूएई के खिलाफ बनाया था।

## मंधाना सबसे सफल बल्लेबाज

रिचा ने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की फोएबे लिचफील्ड के सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। स्मृति ने श्रृंखला का लगातार तीसरा और साल का आठवां अर्धशतक जड़ते हुए इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप की सबसे सफल बल्लेबाज बनी। उनके नाम इस साल 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 763 रन दर्ज हैं। स्मृति ने सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू को पीछे छोड़ा।

## एशिया कप : भारत ने बांग्लादेश को हराया

**कुआलालंपुर।** जी तृषा के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने गुरुवार को यहां महिला अंडर-19 टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले सुपर चार मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा दिया। बांग्लादेश के 81 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने तृषा की 46 गेंद में 10 चौकों की बदौलत नाबाद 58 रन से 12.1 ओवर में दो विकेट पर 86 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत अब सुपर चार तालिका में पांच अंक के साथ शीर्ष पर है। बांग्लादेश चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

## खबर संक्षेप



### राजू एशियन घुड़सवारी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** राइडर राजू सिंह ने अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ की सीसीआई थ्री स्टार प्रतियोगिता में दो बार पोडियम पर जगह बनाते हुए थाईलैंड के पटाया में अगले साल होने वाली एशियाई महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। राजू ने बुधवार को संपन्न इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपने घोड़े मेविलन के साथ पहला और फिर मटकली के साथ दूसरा स्थान हासिल करते हुए दबदबा बनाया। राजू, प्रदीप और कुमाभर महेश के शरायु की भारतीय तिकड़ी ने प्रतियोगिता में 48 या इससे कम की पेनल्टी में पूरा करके न्यूनतम पात्रता जरूरत पूरी की और भारतीय टीम को एशियाई महाद्वीपीय प्रतियोगिता में जगह दिलाई।

### हेजलवुड टेस्ट मैचों से बाहर होने से निराश

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड अपनी चोट के समय से काफी निराश हैं



क्योंकि गाबा में ड्रॉ हुए तीसरे मैच के दौरान दाएं पैर की पिंडली में खिंचाव के कारण वह भारत के खिलाफ बचे हुए दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए। हेजलवुड मांसपेशियों के खिंचाव के कारण एडिलेड में दिन-रात्रि के दूसरे टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। वह इस ताजा चोट से काफी निराश हैं।

### उचित विदाई का हकदार था अश्विन : कपिल

**नई दिल्ली।** रविचंद्रन अश्विन के अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव भी हैरान हैं और उनका मानना है कि यह स्टार ऑफ स्पिनर विशेषकर घरेलू धरती पर उचित विदाई का हकदार था। कपिल ने कहा, 'मैं इस बात से हैरान था कि भारत के महानतम क्रिकेटरों में से एक ने खेल छोड़ने का फैसला कैसे किया। प्रशंसक निराश हैं लेकिन मैंने उसके चेहरे पर भी निराशा के भाव देखे। वह निराश दिख रहा था और यह दुखद है।

## क्रिकेट : तटस्थ स्थल पर अपने आईसीसी मैच खेलेंगे दोनों देश

# भारत के आगे झुका पाकिस्तान, चैंपियंस ट्रॉफी के हाइब्रिड मॉडल पर लगी मुहर

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार थम गया। आईसीसी और पीसीबी के बीच हाइब्रिड मॉडल को लेकर सहमति बन गई। अब भारतीय टीम अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगी। इस विवाद के सुलझने से चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल जल्दी ही जारी हो सकता है।

आईसीसी ने सिर्फ चैंपियंस ट्रॉफी ही नहीं बल्कि 2025-27 तक के साइकिल के लिए नए नियम का ऐलान किया है। यह नियम अगले तीन सालों के सभी आईसीसी टूर्नामेंट पर लागू होगा। इस नियम के तहत मैच भारत और पाकिस्तान किसी भी आईसीसी इवेंट की मेजबानी करते हैं तो भारत और पाकिस्तान के मैच तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे।

### आईसीसी ने बनाया खास प्लान

इसके अलावा आईसीसी ने साफ कर दिया है कि भारत और पाकिस्तान जब भी किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी करेंगे, तब उनके मैच हाइब्रिड मॉडल पर खेले जाएंगे। पाकिस्तान अगले साल फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन करेगा। इसके बाद 2025 में भारत में महिला वर्ल्ड कप का आयोजन होगा।




### ये था विवाद

*चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर बीसीसीआई ने तस्वीर साफ कर दी थी कि टीम इंडिया पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। बीसीसीआई ने इसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया और कहा था कि भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने का अंतिम फैसला सरकार के पास है। हालांकि, पाकिस्तान की टीम बीते साल हुए वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी। गौरतलब हो कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी लगातार यह बयान दे रहे थे कि वह हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार नहीं है। हालांकि, अब लगता है कि उन्होंने आईसीसी के सामने घुटने टेक दिए हैं। पाकिस्तान को लंबे समय बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है।*

### तीन साल के लिए नियम लागू

साल 2026 के मेंस टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत और श्रीलंका को मिली है। इन सभी टूर्नामेंट्स में यह नियम लागू होगा। इसके साथ ही आईसीसी ने पाकिस्तान को महिला टी20 वर्ल्ड कप 2028 की मेजबानी देने का भी ऐलान किया है। यहां भी न्यूट्रल वेन्यू का नियम लागू होगा।

### जल्दी जारी होगा शेड्यूल

विवाद निपटने के बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के शेड्यूल का एलान जल्द हो सकता है। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का डिफेंडिंग चैंपियन है। पाकिस्तान ने साल 2017 में भारत को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। इसके बाद से पाकिस्तान कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सका है।

## कोच ने बनाया रिकॉर्ड

# रियल मैड्रिड ने जीता इंटरकॉन्टिनेंटल कप



एजेंसी ▶▶| लुसैल

रियल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता, जिससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गए। रियल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज़ को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे। एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया।' किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया। इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था।

## हालेप को क्वालीफाइंग के लिए वाइल्ड कार्ड



**मेलबर्न।** डोपिंग के कारण निलंबन झेलने के बाद वापसी की कवायद में लगी दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप और पूर्व टेनिस दिग्गज लेटिन हेविट के 16 वर्षीय बेटे क्रूज़ उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। रोमानिया की 33 वर्षीय हालेप ने 2018 में फ्रेंच ओपन और 2019 में विंबलडन खिताब जीते थे। वह एक समय विश्व की नंबर एक खिलाड़ी थी लेकिन अभी 877वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 2018 में उपविजेता रही हालेप ने 2022 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है।

## 2024 में भारतीय एथलेटिक्स

# चोपड़ा ने बिखेरी चमक एथलीटों ने किया निराश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने और 90 मीटर की दूरी पार करने में भी नाकाम रहे लेकिन इसके बावजूद वह वर्ष 2024 में भारतीय एथलेटिक्स के निर्विवाद नायक बन रहे। एथलेटिक्स में भारत के अन्य खिलाड़ियों की बात करें तो 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने से आगे बढ़ने में असफल रहे। पेरिस ओलंपिक फाइनल में वह 11वें स्थान पर रहे। एक अन्य विश्व स्तरीय एथलीट लंबी कूद खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर घुटने की चोट और उसके



बाद की सर्जरी के कारण ओलंपिक में भाग लेने से चूक गए। पुरुषों की चार गुना 400 मीटर रिले टीम ने भी निराश किया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ को पेरिस ओलंपिक में उससे काफी उम्मीद थी लेकिन वह फाइनल के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई।

# शीर्ष तीन बल्लेबाजों की फॉर्म चिंता का विषय

**मेलबर्न।** अपने जमाने के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली ने भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों की फॉर्म को गंभीर चिंता का विषय करार देते हुए उन्हें अपने 'बेसिक्स' पर ध्यान देने की सलाह दी। ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की मदद से 445 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज लड़खड़ा गए, जिसे उसने सात विकेट पर 89 रन बनाकर समाप्त घोषित किया था। यह मैच ड्रॉ रहा, जिससे पांच मैच की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



# आज बीसीसीआई शीर्ष परिषद की आपात बैठक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव कराने के लिए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त अचल कुमार ज्योति को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने के लिए शुक्रवार को अपनी शीर्ष परिषद की आपात बैठक बुलाई है।

हाल में जय शाह (सचिव) और आशीष शेलार (कोषाध्यक्ष) के हटने से दोनों पद खाली हो गए थे। शाह ने एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अध्यक्ष का पदभार संभाला जबकि शेलार ने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। निर्वाचित पदाधिकारी के इस्तीफा देने के बाद से बोर्ड के पास विशेष आम बैठक



बुलाने और उनके उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए 45 दिन का समय होता है। बीसीसीआई को संविधान के अनुसार चुनाव से कम से कम चार हफ्ते पहले निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करना होता है।

## वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ का जश्न 12 को

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ ने गुरुवार को 12 से 19 जनवरी तक यहां प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने की योजना की घोषणा की। एमसीए अधिकारियों और इसके शीर्ष परिषद के सदस्यों ने एक समारोह के दौरान यहां स्टेडियम में एक विशेष लोगो का अनावरण किया गया। एमसीए ने कहा, '1974 में निर्मित वानखेड़े स्टेडियम दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक है जिसने क्रिकेट इतिहास के ऐतिहासिक क्षणों को देखा है। 2013 में सचिन तेंदुलकर के अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच से लेकर भारत की ऐतिहासिक 2011 एकदिवसीय विश्व कप खिताबी जीत तक, स्टेडियम अनगिनत यादों का घर रहा है।' जश्न के दौरान अलग-अलग दिनों में कई समारोह होंगे और एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।आठ दिवसीय कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एमसीए के पूर्व अध्यक्ष तथा बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेलार को भी सम्मानित किया जाएगा।

## फूलों की पंखुड़ियों और बैंड बाजे के साथ किया गया स्वागत

# स्वदेश लौटे अश्विन, कहा- किसी तरह का कोई खेद नहीं

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को जब स्वदेश लौटे तो यहां फूलों की पंखुड़ियों और बैंड बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया। इसके बाद इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि उन्हें अपने फैसले को लेकर किसी तरह का खेद नहीं है।

अश्विन गुरुवार को तड़के चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां राज्य क्रिकेट संघ के अधिकारी उन्हें बाहर लेकर आए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 765 विकेट लेने वाले इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने यहां पर मीडियाकर्मियों से बात नहीं की तथा वह अपनी कार की तरफ चले गए जहां उनकी अपनी पत्नी और दोनों बेटियां उनका इंतजार कर रही थी। घर पहुंचने पर उन्होंने अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया और फिर इंतजार कर रहे पत्रकारों से भी बात की।



### राहत और संतुष्टि की बात

ब्रिस्बेन में तीसरे टेस्ट मैच के बाद संन्यास लेने की घोषणा करने वाले अश्विन ने कहा, 'यह कई लोगों के लिए भावनात्मक हो सकता है और उन्हें इसे पचा पाने में थोड़ा समय लग सकता है लेकिन जहां तक मेरा सवाल है तो मेरे लिए यह बहुत राहत और संतुष्टि की बात है। मेरे लिए यह सहज फैसला था और पिछले कुछ समय से मैं इस पर विचार कर रहा था। मैच के चौथे दिन मुझे इसका एहसास हुआ और फिर मैंने इस फैसले की घोषणा कर दी।'

### कोई पछतावा नहीं

अश्विन ने कहा, 'जहां तक मेरी बात है तो मेरे लिए यह (संन्यास लेना) बहुत बड़ा फैसला नहीं था क्योंकि मैं अब एक नई डगर पर आगे बढ़ रहा हूं।' अश्विन से पूछा गया क्या उन्हें इस बात का खेद है कि वह कभी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी नहीं कर पाए तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'अब मैं ऐसा नहीं कर सकता। मुझे इस तरह का कोई खेद नहीं है। सच्चाई यह है कि मुझे रत्ति भर भी खेद नहीं है। मैंने लोगों को पछतावा करते हुए देखा है लेकिन मुझे किसी तरह का कोई पछतावा नहीं है।'

### माता-पिता ने लगा लिया गले

अश्विन जब घर पहुंचे तो उनके माता-पिता ने उन्हें गले लगा दिया। उन्हें फूल माला पहनाई गई। वहां मौजूद लोगों ने उनसे ऑटोग्राफ लिए और उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई दी। अश्विन ने कहा, 'मुझे विश्वास नहीं था कि इतने अधिक लोग यहां पहुंचेंगे। मैं चुपचाप घर पहुंच कर आराम करना चाहता था लेकिन आप लोगों ने मेरा दिन बना दिया। मैं इतने वर्षों तक टेस्ट क्रिकेट खेलता रहा लेकिन आखिरी बार मैंने 2011 में वनडे विश्व कप के बाद इस तरह का माहौल देखा था।'







# 'नकली सूर्य' से पहली बार बिजली बनाने की तैयारी अमेरिका में 2030 तक ग्रिड से जोड़ने का प्लान

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

वर्जीनिया में 2030 तक दुनिया का पहला ग्रिड-स्तरीय न्यूक्लियर फ्यूजन पावर प्लांट स्थापित हो सकता है, जो स्वच्छ और असीमित ऊर्जा प्रदान करेगा। हाइड्रोजन पर आधारित इस तकनीक से 400 मेगावाट बिजली उत्पादन संभव होगा। स्टार्टअप सीएफएस इस परियोजना में अरबों डॉलर निवेश कर रहा है, लेकिन तकनीकी चुनौतियां अभी बाकी हैं। दुनिया के कई देश आज के समय 'नकली सूर्य' बनाने में लगे हैं। अगर सब ठीक योजना के अनुसार हुआ तो वर्जीनिया 2030 के शुरुआती दशक तक दुनिया का पहला ग्रिड-स्केल न्यूक्लियर फ्यूजन पावर प्लांट स्थापित करेगा। यह संयंत्र भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा को उपयोग में लाकर बिजली उत्पादन करेगा। मंगलवार को स्टार्टअप कॉमनवेल्थ फ्यूजन सिस्टम्स (सीएफएस) ने इसकी घोषणा की। सीएफएस सबसे बड़ी और सबसे चर्चित न्यूक्लियर फ्यूजन कंपनियों में से एक है। यह एक फैसिलिटी बनाने में अरबों डॉलर का निवेश करेगी।



## 400 मेगावाट का करेगा उत्पादन

चालू होने पर प्लांट ग्रिड के साथ जोड़ने में सक्षम होगा और 400 मेगावाट का उत्पादन करेगा। कंपनी के सीईओ बॉब मुमगार्ड के मुताबिक यह लगभग 150,000 घरों को बिजली देने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा, 'यह पहली बार होगा जब दुनिया में ग्रिड पैमाने पर फ्यूजन पावर उपलब्ध कराई जाएगी।' वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन ने घोषणा का स्वागत करते हुए इसे वर्जीनिया और पूरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया।

## कैसे बनती है ऊर्जा

यह संयंत्र परमाणु संलयन के व्यावसायीकरण की खोज में एक नए चरण का प्रतिनिधित्व करेगा। न्यूक्लियर फ्यूजन के जरिए ही हमारे सूर्य की तरह दूसरे तारों को ताकत मिलती है। लेकिन इस दिशा में अभी भी रास्ता आसान नहीं है। दुनिया को एक स्वच्छ और प्रचुर ऊर्जा स्रोत की सख्त जरूरत है जो जीवाश्म ईंधन की जगह ले सके। न्यूक्लियर फ्यूजन की टेक्नोलॉजी ऐसा ही वादा करती है। इसमें परमाणु कणों से फ्यूजन के जरिए ऊर्जा पैदा की जाती है। इसमें हाइड्रोजन का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया के लिए टोकामैक नाम की डोनट के आकार वाली मशीन का इस्तेमाल होता है।


## क्या होता है फायदा

संलयन ऊर्जा लगभग असीमित है, यह पर्यावरण को गर्म नहीं करती और वर्तमान में इस्तेमाल होने वाली विखंडन तकनीक की तरह रेडियोएक्टिव कचरा भी नहीं छोड़ता है। हालांकि, शोध परियोजनाओं से वाणिज्यिक इस्तेमाल तक इसे लाना बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ है। सीएफएस ने कहा है कि संलयन में रातों-रात कुछ नहीं होता। 2018 में एमआईटी से अलग होकर स्थापित इस स्टार्टअप ने अब तक 2 अरब डॉलर से ज्यादा जुटाए हैं। उनका दावा है कि वे तेजी से प्रगति कर रहे हैं।

# नासा के लाइव वीडियो में दिखा एलियन यान, फिर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने किया लाइव फीड बंद

**वॉशिंगटन।** क्या ब्रह्मांड में एलियंस हैं? वैज्ञानिक सालों से इस सवाल का जवाब तलाशने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक यह अनसुलझा है। अब इस बीच एक हैरान करने वाली खबर आई है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के पीछे एक यूएफओ देखा गया है। इसमें तेज रोशनी जल रही थी। दो लोगों ने यह दावा किया है। उनका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के पीछे से एलियन यान गया है। इसे देखते ही अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपना लाइव फीड बंद कर दिया। किसी देश ने अभी तक अंतरिक्ष में ड्रोन्स के जाने की कोई तकनीक नहीं बनाई है। इसकी वजह से यह नहीं कहा जा सकता है कि यह अंतरिक्ष ड्रोन्स हैं। इस रोशनी को करीब 40 मिनट तक लाइव स्ट्रीम में देखा गया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.








# खंडवा में भगवान को ठंड से बचाने के लिए पहनाए गए गर्म कपड़े! भक्तों की श्रद्धा का अनूठा उदाहरण

## 150 वर्षों से चली आ रही परंपरा

**खंडवा।** खंडवा शहर के तापमान में लगातार गिरावट आ रही है, जिससे अब ठंड बढ़ती जा रही है। ठंड से बचने के लिए लोग रजाई ओढ़ लेते हैं या स्वेटर पहन लेते हैं। लेकिन भगवान अपने आप स्वेटर नहीं पहन सकते, इसलिए भक्तों ने भगवान को ठंड से बचाने का अनोखा तरीका अपनाया है।भक्तों की यह आस्था देखते ही बनती है।

एमपी के खंडवा में ठंड बढ़ने के कारण भगवान को भी विशेष रूप से कपड़े पहनाए गए हैं। इनमें ऊनी वस्त्र, जैकेट और साल शामिल हैं, जिससे भगवान को



ठंड से राहत मिल सके। खंडवा के सत्यनारायण मंदिर में भगवानों को ठंड से बचाने के लिए टोपी भी लगाई जाती है। मंदिर के पुजारी अमित दाजीच का कहना है कि भगवान में भी प्राण होते हैं और उन्हें भी ठंड लगती है। इसलिए उन्होंने ज्यादा ठंड पड़ने पर भगवान को ऊनी वस्त्र पहनाए हैं।




# 20 रुपए में बाल उगाने की दवा सिर पर लगवाने के लिए उमड़ी भीड़

**मेरठ।** यूपी में मेरठ के लिसाड़ी गेट के समर गार्डन में 20 रुपए में बाल उगाने की दवा सिर पर लगवाने के लिए लोगों की भीड़ टूट पड़ी। सिर से गायब होते बालों को रोकने के लिए हर जतन कर चुके लोग यहां लाइन लगाकर खड़े हो गए। भीड़ इतनी हो गई कि लोगों को टोकन देकर लाइन में खड़ा कराया गया। लोगों के सिर पर दवा लगाने से पहले पूरे बाल उस्तरे से कटवाने होते हैं, इसलिए इसी जगह पर दो नाई बुलाकर बैठा लिए गए। पूरे दिन यही काम होता रहा और पुलिस-प्रशासन बेखबर बना रहा। स्वास्थ्य विभाग ने भी जानकारी होने से हाथ खड़े कर दिए।

लिसाड़ी गेट समर कॉलोनी में शौकत बैंक्वेट हॉल में बिजनौर के सलमान और अनीस साथियों के साथ बाल उगाने की दवा लगाने के लिए रविवार को पहुंचे। इस बात को लेकर पिछले एक सप्ताह से प्रचार किया जा रहा था। रविवार और सोमवार को मेरठ में दवा लगाने का समय निर्धारित किया गया, जबकि दिल्ली में मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को दवा लगाई जाएगी। रविवार सुबह से ही शौकत बैंक्वेट हॉल में सिर के बाल उगाने की दवा लगवाने के लिए भीड़ लग गई। इस दौरान सड़क तक जाम लग गया। इस दौरान दवा लगाने वालों ने यह भी बता दिया कि जिसको भी दवा लगवानी है, उन्हें उस्तरे से सिर के सारे बाल कटाकर आना होगा। इसके बाद भीड़ आसपास के क्षेत्र में तमाम नाई की दुकानों पर दौड़ गई। बाद में कुछ नाई को वहीं बैंक्वेट हॉल में बुलाकर टोकन सिस्टम शुरू किया गया। लोगों को टोकन देकर उन्हें पहले लाइन लगाकर बाल कटवाने के लिए बैठाया गया।







हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com